उज्जैन
शुक्रवार
06
नवम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-13
अंक-04
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में 20 हजार रुपए किलो लग्जरी चॉकलेट मिठाई
7 रोनाल्डो का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास



## ऑटो रोकने के लिए सड़क पर चिल्लाई थीं करीना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

करीना कपूर ने बताया कि जनवरी 2025 में जब सैफ अली खान पर चाकू से हमला हुआ था, तब वह उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए रात में सड़क पर दौड़ी थीं। कॉफी विद करण में करीना ने कहा कि वह नाइट टी-शर्ट में ऑटो रोकने के लिए चिल्ला रही थीं। उस समय सैफ खून से लथपथ खड़े थे। करीना ने बताया कि वह करीब छह महीने तक ठीक से सो नहीं पाईं। सैफ ने कहा कि उन्होंने छोटे बेटे जेह को बचाने के लिए हमलावर का सामना किया। करीना ने बताया, मैं अपनी नाइट टी-शर्ट में थी। अच्छा हुआ कि किसी ने इसका वीडियो नहीं बनाया, करण। मैं सड़क पर चिल्ला रही थी- रुको, रुको। करीना ने कहा, यह किसी फिल्म के सीन जैसा था। मेरे पास पायजामा पहनने का समय नहीं था। मैं सड़क पर दौड़ गई। यह बात किसी को पता नहीं है। मैं पहली बार बता रही हूं। उन्होंने बताया कि वह सैफ के खून बहने के बीच पागलों की तरह रिक्शा तलाश रही थीं। सैफ ने मजाक में कहा कि करीना की टी-शर्ट बेहद छोटी थी। उन्होंने कहा कि उस सीन का वीडियो बनता तो काफी अलग होता। हालांकि, परिवार के लिए वह रात बेहद डरावनी थी।

## देश

- **सुप्रीम** कोर्ट का बड़ा फैसला, हिरासत में लेने के 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना अनिवार्य, देरी पर रिहाई का अधिकार
- **दिवाली** से छठ तक बिहार में हेल्थ अलर्ट, 17 नवंबर तक डॉक्टरों-नर्सों की छुट्टियां रद्द, अस्पतालों में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा
- **जेल** में ही मर जाऊंगा, मुझे जमानत चाहिए, सुप्रीम कोर्ट में छलका आजम खान का दर्द, ईडी केस की सुनवाई हाईकोर्ट पहुंची
- भारत में छह गैर-मुस्लिम समुदायों के लिए वीजा जरूरी, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के लिए नियम, पहले इन्हें पासपोर्ट और वीजा की छूट मिली थी
- **कोलकाता** में बच्चे के फेफड़े में फंसा था चुम्बकःडॉक्टरों ने दूसरे चुंबक की मदद से निकाला, सांस ले सके इसके लिए गले में छेद किया

## विदेश

- **अमेरिका** में रिपब्लिकन की 50 साल में सबसे बड़ी हार, सरकार अपनी थी, चुनाव के लिए रिकॉर्ड पैसा, ट्रम्प को रोक नहीं पाए इसलिए हारे
- **इजराइल** में आइजनकोट के ढट बनने का रास्ता साफ, अरब पार्टियों ने समर्थन दिया, 67 सांसद साथ आए, नेतन्याहू के पास 46 बचे
- **फ्रांस** में सरकारी ब्लड बैंक का कूलिंग सिस्टम हैक, खून को 110 डिग्री तक खौलाने की साजिश, इससे 1900 अस्पताल जुड़े, पहले 700 सुपर मार्केट हैक हुए

## व्यापार

- **सोना** 2507 रुपए और चांदी 1167 महंगी
- **स्मार्टफोन** में बिना मोबाइल टावर के नेटवर्क मिलेगा
- **फेसबुक**, इंस्टाग्राम और की कानूनी सुरक्षा हटाने की तैयारी

## कार्टून..




### धनतेरस पर गाड़ी खरीदने का सबसे शुभ मुहूर्त कब है? राहुकाल और वाहन खरीदने का सही समय

# धनतेरस का त्योहार नई चीजों की खरीदारी के लिए बेहद शुभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आज धनतेरस का त्योहार नई चीजों की खरीदारी के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन सोना-चांदी, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के साथ ही नया वाहन खरीदने की भी विशेष परंपरा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में खरीदी गई वस्तुएं घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाती हैं। ऐसे में अगर आप भी इस धनतेरस पर कार, बाइक या स्कूटर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो खरीदारी से पहले शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय जरूर जान लें। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार वाहन खरीदते समय शुभ चौघड़िया और अभिजीत मुहूर्त का ध्यान रखना अच्छा माना जाता है। वहीं, राहुकाल में नया वाहन खरीदने से बचने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं धनतेरस 2026 पर वाहन खरीदने के लिए सुबह से लेकर रात तक कौन-कौन से शुभ मुहूर्त रहेंगे और देश के प्रमुख शहरों में राहुकाल कब लगेगा।

### धनतेरस पर वाहन खरीदने का शुभ मुहूर्त

6 नवंबर को वाहन खरीदने के लिए दिनभर कई शुभ समय उपलब्ध रहेंगे। आप अपनी सुविधा के अनुसार इन मुहूर्तों में कार, बाइक या अन्य वाहन की बुकिंग और डिलीवरी की योजना बना सकते हैं।

- सुबह 7:54 से 9:17 बजे तकः लाभ चौघड़िया।
- सुबह 9:16 से 10:38 बजे तकः अमृत चौघड़िया।
- दोपहर 12:00 से 12:45 बजे तकः अभिजीत मुहूर्त।
- दोपहर 4:11 से शाम 5:33 बजे तकः चर चौघड़िया।
- शाम 6:03 से 7:19 बजे तकः शुभ समय।
- रात 8:49 से 10:27 बजे तकः लाभ मुहूर्त।

### धनतेरस पर वाहन खरीदने के बाद जरूर करें ये काम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नया वाहन खरीदने के बाद उसकी पूजा करना शुभ माना जाता है। इसके लिए सबसे पहले वाहन को साफ करें और उस पर लाल चंदन से स्वास्तिक बनाएं। इसके बाद अक्षत अर्पित करें और स्वास्तिक पर मौली लगाएं।

- वाहन की विधि-विधान से पूजा करें।
- वाहन पर फूल और अक्षत चढ़ाएं।
- दीपक जलाकर वाहन की आरती उतारें।
- नारियल अर्पित करें और मौली या कलावा बांधें।
- भगवान गणेश और माता लक्ष्मी का स्मरण करें।
- शनि देव का ध्यान करते हुए उनके मंत्रों का जाप भी कर सकते हैं।

### धनतेरस पर वाहन खरीदते समय इन बातों का ध्यान रखें

धनतेरस पर नया वाहन खरीदना कई लोगों के लिए खास अवसर होता है। इसलिए वाहन की खरीदारी करते समय केवल शुभ मुहूर्त ही नहीं, बल्कि अपनी जरूरत और बजट का भी ध्यान रखें। वाहन के सभी दस्तावेज, बीमा, रजिस्ट्रेशन और डिलीवरी से जुड़ी जानकारी अच्छी तरह जांच लें। शुभ मुहूर्त में वाहन खरीदने के साथ सुरक्षित ड्राइविंग का संकल्प भी लें।

### पटना में एनकाउंटरः पुलिस-अपराधियों के बीच भिड़ंत में

# कुख्यात जेपी यादव समेत 3 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

बिहार पुलिस की टीम और अपराधियों के बीच फिर से भिड़ंत हुई है। दोनों ओर से जमकर गोलीबारी हुई। इसमें तीन आरोपियों की पुलिस ने ढेर कर दिया। इस दौरान मनेर थानेदार को भी गोली लगी है।

पटना जिले के मनेर में बुधवार को पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। शेरपुर गंगा घाट के पास हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान तीन अपराधियों की गोली लगने मौत हो गई। वहीं, अपराधियों की गोली लगने से मनेर थानेदार रजनीश कुमार घायल हो गए। मरने वालों में जेपी यादव और उसके दो सहयोगी बबलू तथा राजा शर्मा शामिल थे। तीनों पैक्स अध्यक्ष हत्याकांड में शामिल थे। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी जेपी यादव था। इधर, इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पटना एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही गोलीबारी से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू कर दी है।

### घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही एफएसएल टीम

मुठभेड़ के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एफएसएल टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। इन तीनों आरोपियों के सहयोगियों की भी तलाश पुलिस कर रही है। वहीं घायल थानेदार रजनीश कुमार के इलाज को लेकर भी जानकारी सामने आनी बाकी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मुठभेड़ को लेकर विस्तृत आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।



### गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने की घेराबंदी

बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दानापुर और मनेर में हुए पैक्स अध्यक्ष हत्याकांड में वांछित जेपी यादव अपने साथियों के साथ शेरपुर गंगा घाट के आसपास छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए इलाके में कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान पुलिस का सामना आरोपियों से हो गया। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम को देखते ही अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग में मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीनों आरोपियों को गोली लगी। बाद में उनकी मौत हो गई।

### झारखंड में सड़क हादसाः एक ही परिवार के सात लोगों की मौत; मासूम गंभीर

झारखंड के खूंटी जिले में कर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कर्रा-तोरपा मुख्य मार्ग पर जोने-लुदरू मोड़ के पास बृहस्पतिवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की जान चली गई। मृतकों में चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं, जिनमें एक 11 महीने का नवजात भी है। तोरपा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित भारी ट्रक ने सड़क किनारे एकत्र भीड़ को कुचल दिया। हादसे में एक पांच वर्षीया बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। मरने वाले सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। वे सड़क से तेज आवाज सुनकर हादसे की आशंका में बाहर आए थे, लेकिन खुद हादसे का शिकार बन गए। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, बृहस्पतिवार रात जोने-लुदरू मोड़ के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास की बस्ती के नागरिक घटनास्थल पर एकत्रित होने लगे। लोग दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी सवार को झाड़ी से बाहर निकालने और मदद करने का प्रयास कर रहे थे। उसी समय तोरपा की दिशा से आ रहे बेकाबू ट्रक ने सड़क पर खड़े लोगों को रौंद दिया। वाहन पुलिया की दीवार तोड़ते हुए गड्ढे में जा गिरा। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से भाग निकले।

# गजलक्ष्मी मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं का जमघट




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नईपेठ स्थित प्रसिद्ध गजलक्ष्मी मंदिर में आज सुबह से श्रद्धालुओं की भीड रही। भक्त माता के नयनाभिराम दर्शन कर समृद्धि की कामना करते रहे। धनतेरस से लेकर सुहाग पडवां तक इस मंदिर मे महिलाओं का तांता लगा रहता है। महिलाएं देवी लक्ष्मी को कमल पुष्प अर्पित कर सुख समृद्धि व सुहाग की सुरक्षा हेतु मां गजलक्ष्मी की आराधना करती हैं।

**गजलक्ष्मी का दुग्ध अभिषेक-** धनतेरस से लेकर दीपावली तक मां गजलक्ष्मी का सतत दुग्धाभिषेक किया जाता है और सुहाग पडवां पर महिलाओं को सिन्दूर व सिक्के का वितरण मंदिर मे किया जाता है। इस अवसर पर, हरवर्ष मंदिर मे महिलाओं और भक्तों की भारी भीड़ रहती है। आज सुबह मां का दुग्धाभिषेक पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हो गया है।

### झाड़ू की रही डिमांड



झाड़ू को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस पर झाड़ू खरीदने और उसकी पूजा करने का बहुत महत्व है। धन की देवी के कृपावंत बने रहने के लिए आज सुबह से ही शहर के विभिन्न बाजारों मे झाड़ू की जोरदार बिक्री होती रही। लोगों की पसंद पारंपरिक कुचीनुमा छोटी झाड़ू बनी हुई है। छोटी झाड़ू पन्द्रह रू. नग से लेकर पच्चीस रूपए नग तक बिकती रही।

## चीन बांग्लादेश को 22 हजार करोड़ के फाइटर जेट देगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

चीन अगले साल बांग्लादेश को करीब 22 हजार करोड़ रुपए के जे-सीरीज फाइटर जेट देगा। इन विमानों को उड़ाने की ट्रेनिंग पाकिस्तान की एयरफोर्स देगी। इसके लिए पाकिस्तानी ट्रेनर भारत की सीमा से करीब 40 किलोमीटर दूर बांग्लादेश के जेस्सोर एयरबेस पर पायलट्स को प्रशिक्षण दे सकते हैं। पाकिस्तान की एयरफोर्स 2022 से चीन में बने जे-सीरीज फाइटर जेट उड़ा रही है। चीन के बाद पाकिस्तान के पास इन विमानों का सबसे बड़ा बेड़ा है। इसी वजह से उसके पास इन विमानों को उड़ाने का सबसे ज्यादा अनुभव भी है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की वायुसेना के अफसरों की दिसंबर में ढाका में बैठक भी होगी। ढाका में होने वाले जॉइंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पाकिस्तानी एयरफोर्स बांग्लादेशी पायलट्स को ट्रेनिंग देगी। इसके अलावा रडार से दुश्मन के विमानों की पहचान और उन पर नजर रखने वाले कंट्रोलर्स को भी ट्रेनिंग दी जाएगी। ग्राउंड क्रू के लिए भी अलग कोर्स चलाए जाएंगे।

# ओडिशा में लैंडस्लाइड से 7 की मौत, 6 लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में ठंड बढ़ने लगी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, बाराबंकी, महराजगंज, श्रावस्ती और संभल समेत 20 शहरों में कोहरा छाया रहा। मिजार्पुर में कोहरे के चलते 5 ट्रेनें अगले 3 महीने के लिए कैंसिल कर दी गईं।

ओडिशा के गंजाम जिले के पहाड़ी गांव में गुरुवार को लैंडस्लाइड के बाद 5 और शव मिले। इसके साथ ही मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। हादसे के बाद से 6 लोग अब भी लापता हैं। ये लोग 28 अक्टूबर को आए चक्रवात अर्नब के बाद हुए लैंडस्लाइड में दब गए थे।

मौसम विभाग ने तमिलनाडु के कांचीपुरम, तिरुवन्नामलाई समेत 10 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, 6 नवंबर रात 1 बजे तक इन जिलों में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है।



## मस्क ने ट्रम्प की पार्टी के समर्थन वाले पोस्ट हटाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन डीसी

अरबपति एलन मस्क ने अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के समर्थन में किए गए सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर दिए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को इन चुनावों में हार का सामना करना पड़ा है।

मस्क ने चुनाव के दौरान रिपब्लिकन उम्मीदवारों के प्रचार पर कम से कम 458 मिलियन डॉलर यानी करीब 4400 करोड़ रुपए खर्च किए थे। चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद मस्क की संपत्ति में भी बड़ी गिरावट आई है। फाइनेंशियल टाइम्स के अनुमान के मुताबिक, उनकी नेटवर्थ करीब 2.8 लाख करोड़ रुपए घट गई है।

**हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स-** हाउस में कुल 435 सीटें हैं। सभी सीटों पर चुनाव हुए। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 253 और ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने 157 सीटें जीती हैं। 25 सीटों पर अंतिम नतीजे आनी बाकी है। डेमोक्रेट्स को जरूरी बहुमत मिल चुका है।

**सीनेट-** सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए हैं। अब तक 33 सीटों के नतीजे सामने आ चुके हैं। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 20 और रिपब्लिकन पार्टी ने 13 सीटें जीती हैं। बची हुई 2 सीटों पर अंतिम नतीजे आना बाकी है। इन नतीजों को मिलाकर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 54 और रिपब्लिकन पार्टी के पास 44 सीटें हैं।

**गवर्नर चुनाव-** कुल 36 सीटों में से 34 राज्यों के नतीजे आ चुके हैं। 22 डेमोक्रेट्स और 12 रिपब्लिकन ने सीटें जीती हैं। 2 राज्यों में अंतिम नतीजे आना बाकी है।

### मशीनगन और ड्रोन से प्रदर्शनकारियों पर हमला किया

# पीओके में पाकिस्तानी सेना की फायरिंग में 7 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रावलकोट

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट में गुरुवार को प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने फायरिंग की है।

इसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भारी मशीनगनों और ड्रोन से हमला किया। घटना को लेकर अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### तीन जगहों पर प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने का आरोप

यूकेपीएनपी के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने मटियालमेरा बस टर्मिनल, उमर फारूक चौक और रावलकोट की दूसरी जगहों पर चल रहे धरनों पर कार्रवाई की। पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी के साथ ड्रोन से हमले भी किए। इस दौरान भारी मशीनगनों और बख्तरबंद गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया।

### पीओके में 7 जून से अब तक 153 लोगों की मौत



पीओके में 7 जून से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को 7 लोगों की मौत के बाद इस आंदोलन में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 153 हो गई है। आंदोलन की शुरूआत स्थानीय लोगों के राजनीतिक अधिकारों और आर्थिक समस्याओं को लेकर हुई थी। अब प्रदर्शनकारी पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की वापसी और अपने नेताओं पर दर्ज मामलों को खत्म करने की मांग भी कर रहे हैं।



## महाकाल श्रृंगार




चांदी के चंद्र-त्रिशूल, मुकुट और रुद्राक्ष से सजे बाबा महाकाल

## अपनेतक

### छात्रावास में सुरक्षा पर सवाल, बेटियों की गुहार प्रशासन के लिए चेतावनी

आदिवासी छात्रावास में रहने वाली करीब 50 छात्राओं का अपनी सुरक्षा, सम्मान और पढ़ाई के अनुकूल माहौल को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाना सामान्य शिकायत नहीं है। यह उस व्यवस्था पर सवाल है, जिसके भरोसे दूरदराज के क्षेत्रों से आई बेटियां शिक्षा हासिल करने शहर पहुंचती हैं। छात्रावास उनके लिए सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि सुरक्षित भविष्य की उम्मीद भी होता है।

यदि छात्रावास परिसर में बाहरी व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों की आवाजाही बार-बार हो रही है तो यह महज सुरक्षा में चूक नहीं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है। सवाल यह भी है कि छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से कलेक्टर के दरवाजे तक क्यों पहुंचना पड़ा? क्या छात्रावास प्रबंधन को पहले इसकी जानकारी नहीं थी या शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया?

बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने की बातें बहुत होती हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षित वातावरण देना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। छात्राओं की शिकायत को कागजी कार्रवाई तक सीमित रखने के बजाय निष्पक्ष जांच, बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर नियंत्रण और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। बेटियां छात्रावास में पढ़ने आई हैं, अपनी सुरक्षा की लड़ाई लड़ने नहीं।

### दीपावली पर महाकाल की सभी आरती में केवल एक फूलझडी जलाई जाएगी

**उज्जैन।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में भगवान श्री महाकालेश्वर जी की आरती-पूजन के दौरान प्रत्येक आरती – प्रातः भस्म आरती, अभ्यंग स्नान के पश्चात आरती, संध्या आरती एवं शयन आरती में पूजा-अर्चना के अभिन्न भाग के रूप में केवल एक फूलझड़ी जलाई जाएगी। यह प्रक्रिया मंदिर की पारंपरिक एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न की जाएगी। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसके अतिरिक्त गर्भगृह, कोटीतीर्थ कुण्ड, मंदिर परिक्षेत्र तथा श्री महाकाल महालोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, पटाखों का फोड़ना, ज्वलनशील पदार्थ, अनार, फूलझड़ी या अन्य आतिशबाजी सामग्री लाना एवं प्रयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे दीपावली पर्व को परंपरागत, शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा-भाव से मनाएँ तथा जारी निदेर्शों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसके वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

### रंगोली, गायन, नाटक व नृत्य सहित कई स्पधाओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का समापन हुआ। 3 से 5 नवंबर तक आयोजित इस उत्सव की विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अब अंतर-महाविद्यालयीन जिला स्तरीय स्पधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। युवा उत्सव के अंतर्गत कॉलेज में रंगोली, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, एकल व समूह गायन, एकल व समूह नृत्य, मिमिक्री, एकांकी नाटक, मूक अभिनय और कोलाज जैसी कई स्पधाएं हुईं। इनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

**236 दिन से दौड़ रहे 'ब्लैक पैंथर' मोनू राज आधुनिक श्रवण कुमार उज्जैन पहुंचा, 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की 15 हजार KM की कठिन यात्रा**

# माँ के स्वस्थ की मन्नत में दौडने वाले मोनू को महाकाल में मिला मान, अब तक 7 ज्योतिर्लिंग पूरे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मां के स्वस्थ्य की मन्नत पूरी होने पर पटना से दौडकर 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की 15 हजार डट की कठिन यात्रा पर निकले और अब तक 7 ज्योतिर्लिंग एवं दो धाम के दर्शन करने वाले मोनू राज चौहान को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे पर प्रबंध समिति ने सम्मान किया है। उन्हें दुशाला ओढाकर यह सम्मान दिया गया और दर्शन की सुविधा प्रदान की गई।

भक्ति और संकल्प की अनूठी मिसाल पेश करते हुए बिहार के पटना निवासी मोनू राज चौहान 236 दिन की पैदल दौड़ के बाद उज्जैन पहुँचे। सोशल मीडिया पर 'ब्लैक पैंथर' के नाम से प्रसिद्ध मोनू ने अपनी माँ के स्वास्थ्य के लिए 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की यात्रा दौड़कर करने का संकल्प लिया है।

मोनू ने बताया कि 6 साल पहले माँ के गले में मछली का काँटा फंस गया था। इलाज के बाद भी आराम नहीं मिला। तब उन्होंने गाँव से 50 किलोमीटर दूर बाबा श्री देश्वरनाथ के मंदिर में मन्नत माँगी। माँ के ठीक होने पर उन्होंने ये कठिन यात्रा शुरू की।

### 8 ज्योर्तिलिंग एवं 2 धाम की यात्रा पूर्ण

15 मार्च 2026 से शुरू हुई इस यात्रा में अब तक वे 15 से 16 हजार किलोमीटर दौड़ चुके हैं। अब तक उन्होंने 2 धाम और 7 ज्योतिर्लिंग - बैद्यनाथ, मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम्, भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और ओंकारेश्वर के दर्शन किए हैं। वे ओंकारेश्वर से निकले और उज्जैन में महाकालेश्वर उनका 8वां ज्योतिर्लिंग है।

### नशा छोडो,माता-पिता को खुश करने का नशा करो

उज्जैन पहुँचने पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने मोनू का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मोनू महाकाल की भस्म आरती में शामिल होने के बाद गुजरात की ओर प्रस्थान करेंगे। मोनू ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा - ड्रनशा छोड़ो। अगर नशा करना है तो माता-पिता को खुश करने का, देश और धर्म के लिए कुछ करने का नशा रखो।

### मंदिर समिति ने दुशाला ओढाकर किया सम्मान-

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक एवं नायब तहसीलदार हिमांशु कारपेंटर के अनुसार देश के 12 ज्योतिर्लिंगों की साहसिक और आध्यात्मिक यात्रा के तहत मोनू राज चौहान ने गुरूवार को उज्जैन के ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन लाभ लिए। यह कठिन यात्रा उन्होंने अपनी मां और देश की सभी माताओं को समर्पित की है। महाकाल दरबार में उन्होंने बताया कि यात्रा में अब तक 236 दिन लगे हैं, एवं मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

## दीपावली बाद तीन दिन बंद रहेगा दौलतगंज होलसेल किराना बाजार

**12 नवंबर को होगा वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान, मुहूर्त के सौदे भी होंगे**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर्व के बाद शहर का दौलतगंज होलसेल किराना बाजार 9, 10 और 11 नवंबर को पूर्ण रूप से बंद रहेगा। बाजार खुलने पर 12 नवंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसके पश्चात बाजार में मुहूर्त के सौदे होंगे।

दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन के सचिव आशीष जैन ने बताया कि यह निर्णय देवास रोड स्थित होटल श्री गंगा में अध्यक्ष अजय रोहरा की अध्यक्षता में हुई साधारण सभा में लिया गया। 12 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल कालूहेड़ा, महापौर कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी और सिंहस्थ प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। समारोह में वरिष्ठ व्यापारी फर्म पूनम सेल्स कॉर्पोरेशन के कनकमल जैन और फर्म हीरानंद लालचंद के शंकरलाल उत्तामानी का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील एसोसिएशन के सलाहकार संजय अग्रवाल, अध्यक्ष अजय रोहरा, अशोक जैन, जयप्रकाश राठी, रौनक अग्रवाल, राधारमण नागर, दीपक मेड़तवाल, ऋषभ जैन, सूरज सामदानी, नवीन कांकरिया, शैलेंद्र परमार, जवाहर सन्मुखानी, मुकेश सोनगरा, अभय जैन, गगन जैन, चेतन गुरनानी और रवि नाटाणी ने की है।

**दीपावली पर आतिशबाजी से हादसों का खतरा**

# जिला अस्पताल में 10 बेड का बर्न वार्ड बनाया, हादसों में घायलों को तत्काल मिल सके उपचार

**पटाखों से झुलसने, आंखों और हाथ-पैर में चोट सहित अन्य आपात स्थितियों के उपचार की रहेगी व्यवस्था, सीएमएचओ ने चरक भवन का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर पटाखों और आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला चिकित्सालय में विशेष स्वास्थ्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हादसों में घायलों को तत्काल उपचार मिल सके, इसके लिए चरक भवन में 10 बेड का बर्न वार्ड आरक्षित रखा जाएगा। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकम रघुवंशी ने अस्पताल का निरीक्षण कर आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सीएमएचओ ने बर्न वार्ड में पर्याप्त दवाइयां, चिकित्सा उपकरण और अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपकरणों को चालू हालत में रखने के साथ इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अस्पताल में अग्निशमन यंत्रों को भी चालू स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय की सभी लिफ्ट सुचारू रखने, निर्बाध बिजली आपूर्ति और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। चरक भवन परिसर के बाहर चैंबर से गंदा पानी फैलने की समस्या पर तत्काल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद सीएमएचओ ने ओपीडी का निरीक्षण कर मरीजों को समय पर दवाइयां, जांच और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के निर्देश दिए। सोनोग्राफी विभाग और एएनसी क्लिनिक में गर्भवती महिलाओं को समय पर सोनोग्राफी और प्रसव पूर्व जांच की सुविधा देने पर जोर दिया।

### चोटों के उपचार की रहेगी व्यवस्था

पांच दिवसीय दीपावली पर्व के दौरान पटाखों एवं आतिशबाजी से होने वाली बर्न इंजरी, आंखों की चोट, हाथ-पैर में चोट, कानों को नुकसान तथा पटाखों के धुएं से होने वाली श्वसन संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. विकम रघुवंशी ने अवैध रूप से निर्मित कार्बाइड गन के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए आमजन से सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की है।

पुरुष एवं महिला वार्ड, बर्थ वेटिंग रूम, पीएनसी वार्ड और सुरक्षित मातृत्व इकाई का निरीक्षण कर उन्होंने गर्भवती महिलाओं को सामान्य प्रसव के लिए उचित परामर्श देने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं स्थानों पर शिविरों का आयोजन**

# रेलवे घर जाकर 80 साल से अधिक के पेंशनरों को दे रहा जीवन प्रमाण पत्र



### घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बैंकों में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के लिए परेशान होना पड रहा है । इसके विरूद्ध पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इसके लिए विशेष अभियान चला रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनभोगियों को विशेष सुविधा प्रदान की जाते हुए घर पहुंचकर उनके डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार किए जा रहे हैं।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सुश्री नूपुर चौधरी के निर्देशन में लेखा विभाग द्वारा 01 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं स्थानों पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, अधिक आयु एवं शारीरिक असुविधा के कारण रेलवे कार्यालय अथवा शिविर तक पहुंचने में कठिनाई महसूस करने वाले वरिष्ठ पेंशनभोगियों को उनके घर पर ही यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# मंदिरों की कृषि भूमि पर सरकारी कब्जा सनातन अपमान

**भाजपा युवाओं और महिलाओं की बात करती है परंतु पीछे से इसी वर्ग पर वार करती**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सपाक्स पार्टी के स्थापना दिवस पर वार्षिक सम्मेलन 5 नवंबर को 9 मसाला स्ट्रीट रेस्टोरेंट भोपाल हाट भोपाल में स्वर्ण समाज का मिलन समारोह पूर्व आईएएस डॉ वीणा घाणेकर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सपाक्स पार्टी के पदाधिकारीयों एवं सवर्ण समाज के संगठनों के पदाधिकारीयों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ वीणा घाणेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सपाक्स पार्टी का जन्म सपाक्स संगठनों के क्रांति सम्मेलन दिनांक 30 सितंबर 2018 के निर्णय से हुआ। उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण के पश्चात एट्रोसिटी एक्ट में 2016 में संशोधन करके वर्तमान भाजपा सरकार ने सामान्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के साथ अन्याय किया था सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी वर्तमान भाजपा सरकार ने एट्रोसिटी एक्ट को और कठोर बनाया और अब यूजीसी विनियम के मार्फत सामान्य वर्ग को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह सरासर अन्याय है और अब इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं और महिलाओं की बात करती है परंतु पीछे से इसी वर्ग पर वार करती है। इस अत्याचार के विरुद्ध युवाओं और महिलाओं को आगे आकर संघर्ष करना चाहिए।

सपाक्स के उज्जैन के प्रवक्ता जेआर माहुरकर ने बताया कि उज्जैन के डॉ हीरालाल त्रिवेदी पूर्व आईएएस ने मप्र सरकार के इस निर्णय को कि मंदिरों की कृषि भूमि कि आय को गौशालाओं में एवं स्थानीय विकास में व्यय किया जाएगा सनातन धर्म में सीधा हस्तक्षेप है जिसे हिंदू समाज कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। केंद्र या राज्य की वर्तमान भाजपा सरकार हो अथवा कांग्रेस पार्टी के नेता हों सभी मिलकर सनातन धर्म पर सीधा आक्रमण कर रहे हैं, इसके विरुद्ध संघर्ष किया जाएगा और आने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव तथा 2028 के मप्र एवं राजस्थान के चुनाव में सीधा जवाब दिया जाएगा। सपाक्स पार्टी इस मामले में सभी सनातनी विचारधारा के लोगों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने यूजीसी रोलबैक नहीं किया तो आगामी चुनाव में मोदी रोलबैक होगा।

राजस्थान सनातन समाज के संयोजक पंडित चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश संयोजक दीनबंधु जोशी ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय महासचिव सुरेश शुक्ला एवं इंजी. देवेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष इंजी. पीएस परिहार, मुंबई की मंजू शर्मा, उप्र से आए एडवोकेट राय, बिहार के अध्यक्ष घनश्याम भारद्वाज, गुजरात के शैलेश शुक्ल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता लखन शास्त्री ने किया।

### राष्ट्रभक्त जेन-जी बनें विद्यार्थी, अपनी भाषा अपनाएं और नौकरी देने वाले बनें

**उज्जैन।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा हाटपीपल्या स्थित श्री उमा कन्या महाविद्यालय में 'शिक्षा से आत्मनिर्भरता' विषय पर विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वक्ताओं ने कौशल विकास करने और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर युवा उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. राकेश ढांड ने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं होती। अपनी भाषा में संवाद व हस्ताक्षर करें और देश को भारत कहें। उन्होंने जोर दिया कि विद्यार्थी कौशल सीखें और नौकरी देने वाले बनें। डॉ. प्रेमलता चुटेल ने भाषा की शक्ति पहचानने पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने हर विषय में अपनी भाषा में अध्ययन का अवसर दिया है, अतः देश की चिंता करने वाले विद्यार्थी बनें।

# दीपावली पर प्याज-लहसुन से बनाएं दूरी, मखाने की खीर का लगाएं भोग

### धनतेरस से दीपावली तक सात्विक खान-पान का विशेष महत्व, मां लक्ष्मी को प्रिय है मखाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली का पर्व केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पांच दिनों तक चलने वाला उल्लास और उमंग का महापर्व है। धनतेरस से भाईदूज तक मनाए जाने वाले इस पर्व में धन, वैभव और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी की विशेष आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस, रूप चौदस और दीपावली के अवसर पर घर की स्वच्छता के साथ खान-पान की शुद्धता का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।

मान्यता है कि इन दिनों घरों में सात्विक भोजन बनाया जाना चाहिए। प्याज और लहसुन को तामसिक प्रकृति का माना गया है, इसलिए धनतेरस से दीपावली तक कई परिवारों में इनका सेवन नहीं किया जाता। धार्मिक परंपराओं में मूली को भी कुछ अवसरों पर तामसिक खाद्य पदार्थों की श्रेणी में रखा गया है। मान्यता है कि पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में सात्विक भोजन का विशेष महत्व होता है। इसलिए इन तीन दिनों में रसोईघर में प्याज-लहसुन का उपयोग नहीं कर सात्विक व्यंजन बनाने की परंपरा निभाई जाती है।

पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान अमृत वितरण के समय स्वभार्नु नामक असुर ने देवता का रूप धारण कर अमृतपान कर लिया था। भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। मान्यता है कि उसके रक्त की बूंदों से प्याज और लहसुन की उत्पत्ति हुई। इसी कथा के आधार पर इन्हें तामसिक माना जाता है।



### मां लक्ष्मी को अर्पित करें मखाने की खीर

धार्मिक मान्यताओं में मखाने का विशेष महत्व बताया गया है। जल में उत्पन्न होने के कारण इसे मां लक्ष्मी से जोड़कर देखा जाता है। दीपावली और धनतेरस पर मखाने की खीर बनाकर मां लक्ष्मी को भोग लगाने की परंपरा है। मान्यता है कि सात्विक भोजन और श्रद्धापूर्वक की गई पूजा से घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता का वातावरण बना रहता है।

# तलोद की गिर गाय ने 19.76 लीटर दूध देकर जीता एक लाख का प्रथम पुरस्कार

**तलोद में हुई दो दिवसीय गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी पहल वृंदावन ग्राम योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इसी कड़ी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत तलोद में 30 और 31 अक्टूबर को दो दिवसीय गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस स्पर्धा में देशी गौवंशीय पशुओं की दुग्ध क्षमता के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया, जिसमें गौरव रघुवंशी की गिर गाय ने प्रतिदिन 19.76 लीटर दूध देकर एक लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता।

प्रतियोगिता में 50 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार गोपाल और 25 हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार संदीप चौधरी ने प्राप्त किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देशी गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से देशी गौवंश के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना की है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन नगर निगम सभापति कलावती यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अर्जुन रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक चौधरी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष करण पटेल व रमेश वर्मा, जनपद सदस्य अनिल आदेश राज, तलोद सरपंच संजय आंजना, उप सरपंच सजन सिंह आंजना और पोलिंग बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से उपसंचालक डॉ. वीके बर्वे, एबीपीओ डॉ. जीजी गोस्वामी, खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुषी ठाकरे, डॉ. रिंकेश वर्मा, केसी चौहान, जीएस राठौड़, रवींद्र राठौड़, दिलीप मेहता, दिनेश मारू, सुनील पाटीदार, विशाल मंडोर, आशीष मुनिया, राजेश सोनगरे और रामकन्या गौरव सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

उज्जैन
शुक्रवार
06
नवम्बर, 2026

दैनिक
# ब्रह्मास्त्र

न दैवमपि सञ्चिन्त्य त्यजेदुद्योगमात्मनः।
अनुद्योगेन कस्तैलं तिलेभ्यः प्राप्तुमर्हति ॥

**अर्थः** दैव यानी भाग्य का विचार करके व्यक्ति को कार्य-संपादन का अपना प्रयास त्याग नहीं देना चाहिए। भला समुचित प्रयास के बिना कौन तिलों से तेल प्राप्त कर सकता है?

## खबर एक नजर...

### 3 कंपनियों के टेंडर, बाधक मकान शिफ्ट होंगे

**इंदौर।** मास्टर प्लान की सड़क एमआर-12 के रेलवे क्रॉसिंग पर निमार्णाधीन सिक्स लेन ब्रिज की दूसरी तीन लेन का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। आईडीए द्वारा जारी निविदा पर तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। जांच के बाद अब तीनों कंपनियों के फाइनेंशियल ऑफर खोले जाएंगे। सिक्स लेन ब्रिज की तीन लेन का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी पहले ही शुरू कर चुका है। सिंहस्थ से पहले फ्लाईओवर बनाने की प्लानिंग है, जिससे लवकुश चौराहा, उज्जैन रोड से एबी रोड तक आवाजाही आसान होगी। वहीं, एमआर-10 पर वाहनों का दबाव कम हो सकेगा। दूसरी ओर बायपास तक बनाने के लिए रोड में बाधक लोगों के विस्थापन विकल्प पर आईडीए विचार कर रहा है। दूसरी ओर आईडीए ने भी सिक्स लेन डिजाइन रेलवे से मंजूरी करवा ली। तकनीकी मुश्किलों के चलते तय किया गया, दोनों एजेंसियां तीन-तीन लेन का निर्माण करेंगी। आईडीए ने संशोधित टेंडर जारी किए थे। जिस पर तीन कंपनियां मंगलम, पार्थ और एसआर ने टेंडर भरे हैं। तकनीकी जांच में तीनों एजेंसियों के टेंडर सही मिले हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार को फाइनेंशियल बिड खोली जा रही है। जल्द ही ब्रिज की सिक्स लेन का काम शुरू हो सकेगा। आईडीए 12 मीटर चौड़ाई की तीन लेन का निर्माण 32 करोड़ में करेगी।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, सर्दी में बाहर की हवा नहीं

**इंदौर।** सर्दियों में वायु प्रदूषण की चर्चा होते ही आमतौर पर सड़क की धूल, वाहनों का धुआं और बाहर की जहरीली हवा ध्यान में आती है, लेकिन घर के भीतर इस्तेमाल होने वाली कई चीजें भी सांस के रास्ते शरीर में प्रदूषक पहुंचा सकती हैं। ठंड बढ़ने पर लोग घरों में ज्यादा समय बिताते हैं। ऐसे में खाना पकाने के लिए लकड़ी-कोयले का इस्तेमाल, बंद कमरे में अंगीठी जलाना, अगरबत्ती, धूपबत्ती, कपूर और मच्छर भगाने वाली मैट जैसे स्रोत घर के भीतर की हवा को भी प्रभावित कर सकते हैं। यानी बाहर की प्रदूषित हवा से बचने के लिए घर में रहना ही पर्याप्त नहीं, घर के भीतर की हवा का साफ रहना भी जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने शीतकाल में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें घर के भीतर और बाहर प्रदूषण के स्रोतों से बचने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी के अनुसार लकड़ी, कोयला और गोबर के कंडों के बजाय स्वच्छ ईंधन या बिजली के स्टोव का उपयोग करना चाहिए। बंद कमरे में अंगीठी जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड बनने का खतरा रहता है। इसी तरह बंद कमरों में अगरबत्ती और मच्छर भगाने वाली मैट के इस्तेमाल से भी बचने की सलाह दी गई है। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने लोगों से इन सावधानियों का पालन करने की अपील की है।

### डीएवीवी में 75 दिन में छात्रसंघ चुनाव कराने होंगे

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में लंबे समय से बंद छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने विश्वविद्यालय प्रशासन को 75 दिनों के भीतर छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी की सिंगल बेंच ने यह आदेश ठरवक कार्यकर्ता अरुणेश मिश्रा की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट जयेश गुरनानी ने पैरवी की। अवमानना याचिका में कहा गया था कि हाई कोर्ट पहले ही प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दे चुका है, इसके बावजूद देवी अहिल्या विवि में चुनाव नहीं कराए गए। इसे पूर्व में पारित न्यायालयीन आदेश का पालन नहीं करना बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई थी। इस मामले की पृष्ठभूमि में हाईकोर्ट की प्रधानपीठ जबलपुर में दायर रिट का भी उल्लेख किया गया। इसमें प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की गई थी। इस याचिका पर 3 अगस्त 2026 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधिपति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की बेंच ने आदेश पारित किया था।

### सियागंज में रंगदारी के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

**इंदौर।** प्रमुख थोक व्यापारिक केंद्र सियागंज में एक गोंद व्यापारी से रंगदारी मांगने का मामला सामने आने के बाद व्यापारियों में आक्रोश है। घटना के विरोध में व्यापारी और ब्रोकर एसोसिएशन के पदाधिकारी एकजुट होकर गुरुवार शाम को सेंट्रल कोतवाली थाने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित व्यापारी के साथ थाना प्रभारी से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल से मिले। इसके बाद खंडेलवाल और व्यापारिक प्रतिनिधियों के नेतृत्व में पीड़ित व्यापारी को साथ लेकर थाने पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर दोनों एसोसिएशन एक मंच पर नजर आईं। ब्रोकर एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल कुंदवानी, महामंत्री गुड्डू बाटिया सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

### इंदौर में 20 हजार रुपए किलो लग्जरी चॉकलेट मिठाई, दिवाली पर खास मेहमानों के लिए डिमांड

# वियतनाम की कॉफी, हेजलनट और ऊपर से सोने की परत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** इंदौर

दिवाली पर मिठाई और चॉकलेट की दुकानों में रौनक है। कहीं काजू कतली और ड्रायफ्रूट मिठाइयों की मांग है, तो कहीं चॉकलेट गिफ्टिंग का नया ट्रेंड बन रही है।

इंदौर में इस बार चर्चा एक ऐसी चॉकलेट मिठाई की है, जिसकी कीमत 20 हजार रुपए प्रति किलो है। वियतनाम की फ्लेवर्ड कॉफी, हेजलनट और प्योर बेल्जियन चॉकलेट से तैयार इस मिठाई पर असली सोने की पतली परत चढ़ाई गई है।

इसे खास मेहमानों, बिजनेस क्लाइंट्स और करीबियों को प्रीमियम गिफ्ट देने के लिए लिमिटेड एडिशन में तैयार किया गया है। निमार्ता के मुताबिक, ग्राहकों से इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।



**वियतनामी कॉफी, हेजलनट और सोने की परत से तैयार-** इस चॉकलेट मिठाई को तैयार करने वाली निधि शर्मा ने बताया कि इसकी खासियत इसका फ्लेवर और गोल्डन फिनिश है। इसे प्योर बेल्जियन चॉकलेट से बनाया जाता है। इसमें वियतनामी कॉफी का फ्लेवर और हेजलनट मिलाया जाता है।

इसके बाद चॉकलेट पर असली सोने की पतली परत यानी गोल्ड लीफ लगाई जाती है, जो इसे खास लुक देती है। इसे बनाने में पाम ऑयल का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

**20 हजार रुपए किलो की चॉकलेट, लिमिटेड एडिशन में तैयार-** निधि शर्मा के मुताबिक, हर बार चॉकलेट में कुछ नया करने की कोशिश की जाती है। दिवाली और फेस्टिव सीजन को देखते हुए इस बार गोल्ड कोटेड चॉकलेट तैयार की गई है। इसे खास ग्राहकों की पसंद और प्रीमियम गिफ्टिंग के ट्रेंड को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह कस्टमाइज्ड चॉकलेट सीमित मात्रा में बनाई गई है और इसकी कीमत 20 हजार रुपए प्रति किलो है।

#### पिस्ता मिठाई भी 5200 रुपए किलो, दुकानों पर बढ़ी भीड़

बाजार में गोल्ड कोटेड चॉकलेट के साथ महंगी पारंपरिक मिठाइयां भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। व्यापारी मनीष ने बताया कि पिस्ता मिठाई 5200 रुपए प्रति किलो बिक रही है।
ड्रायफ्रूट और प्रीमियम सामग्री से तैयार मिठाइयों की मांग भी बनी हुई है।
दिवाली के चलते मिठाई और चॉकलेट की दुकानों पर ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। इनमें कई ग्राहक खास लोगों को गिफ्ट देने के लिए प्रीमियम उत्पाद खरीद रहे हैं।

#### गिफ्ट हैम्पर में सज रही लग्जरी मिठास

दिवाली पर मिठाई के स्वाद के साथ उसकी पैकिंग भी खास हो गई है। इंदौर की दुकानों पर गोल्ड कोटेड चॉकलेट, महंगी ड्रायफ्रूट मिठाइयों और लग्जरी चॉकलेट्स के प्रीमियम गिफ्ट हैम्पर तैयार किए जा रहे हैं। आकर्षक बॉक्स में सजाए गए ये हैम्पर खास मेहमानों, बिजनेस क्लाइंट्स और करीबियों को देने के लिए पसंद किए जा रहे हैं। खूबसूरत पैकेजिंग और प्रीमियम उत्पादों के साथ ये हैम्पर दिवाली की गिफ्टिंग का नया ट्रेंड बन रहे हैं।

---

### बुर्ज खलीफा जैसी डिजिटल लाइटिंग से जगमगाया इंदौर का घर

# घर पर डिजिटल लाइटिंग, श्रीराम-सीता और गणेश की छवियां बनीं आकर्षण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** इंदौर

दीपावली रोशनी का पर्व है। इस मौके पर लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक लाइटिंग से सजाते हैं। दुबई के बुर्ज खलीफा पर होने वाली भव्य रोशनी से प्रेरित होकर इंदौर में भी एक घर को डिजिटल लाइटिंग से सजाया गया है।

घर पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की छवियों के साथ डिजिटल आतिशबाजी और दीपावली के शुभकामना संदेश प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यह सजावट कॉलोनी में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

यह लाइटिंग इंदौर के निपानिया स्थित वृंदावन पैलेस में राहुल शर्मा के घर पर की गई है। घर के सामने वाले हिस्से को डिजिटल रोशनी से सजाया गया है, जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और श्रीगणेश की मनोहारी छवियां दिखाई देती हैं। इसके साथ ही ह्यहैप्पी दीपावलीह्ल और ह्यशुभ धनतेरसह्ल जैसे संदेश भी रंग-बिरंगी रोशनी में नजर आते हैं।



**पिक्सेल एलईडी मैपिंग तकनीक का इस्तेमाल-** राहुल शर्मा ने बताया कि घर की सजावट में पिक्सेल एलईडी मैपिंग तकनीक का उपयोग किया गया है। इसमें प्रत्येक लाइट को अलग-अलग नियंत्रित कर पूरे भवन को चलती-फिरती तस्वीरों के भव्य कैनवास में बदला गया है। डिजिटल आतिशबाजी वास्तविक पटाखे जलाए बिना उत्सव का शानदार नजारा पेश करती है।

---

### अष्टांग अस्पताल का विश्लेषण

## आयुर्वेद पर बढ़ा भरोसा, 3 वर्ष में ओपीडी में 25 प्रतिशत मरीज बढ़े

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** इंदौर

धनतेरस के अवसर पर आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि के पूजन के बीच इंदौर में आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली का दायरा निरंतर विस्तृत हो रहा है। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, परामर्श एवं उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में सतत वृद्धि दर्ज की गई है।

वर्ष 2023 में जहां ओपीडी में 57,294 मरीज पहुंचे थे, वहीं 2025 में यह आंकड़ा 71,905 दर्ज किया गया, जो कि 25.5 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। चालू वर्ष 2026 के प्रथम 10 महीनों में ही लगभग 60,000 मरीज उपचार ले चुके हैं।

पंचकर्म एवं आधुनिक थैरेपी अस्पताल के प्राचार्य डॉ. अजित पाल सिंह चौहान के अनुसार, संस्थान में प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक पंचकर्म प्रक्रियाएं निष्पादित की जाती हैं। मरीजों को उपचार के साथ-साथ दिनचर्या सुधारने का मार्गदर्शन भी दिया जाता है। मोबाइल एप के माध्यम से आवश्यक सावधानियों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। कैंसर केयर का विस्तार शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश भार्गव ने बताया, वर्ष 2020 में स्थापित कैंसर यूनिट में शुरूआती वर्ष में 73 मरीज आए थे। 2025 में 1,000 से अधिक ने उपचार कराया। आधुनिक चिकित्सा के उपरांत होने वाली जटिलता में राहत के लिए मरीज यहां ओजोन थैरेपी ले रहे हैं।

**स्वर्णप्राशन:** प्रत्येक पुष्य नक्षत्र पर लगभग 500 बच्चों को निःशुल्क स्वर्णप्राशन कराया जाता है।

**कैंसर जागरूकता:** 2024 से संचालित अभियान के अंतर्गत 2,200 से अधिक महिलाओं को सिलिकॉन मॉडल के माध्यम से स्तन की स्वयं जांच करने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

---

## आलीराजपुर में तस्कर वाहिनी, रोज गुजरात जा रही 10 हजार पेटी शराब

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** इंदौर

मप्र के सीमावर्ती आदिवासी जिले आलीराजपुर से ड्राय स्टेट गुजरात में शराब तस्करी का बड़ा सिंडिकेट सक्रिय है। जिले के बेलार फलिया (झाड़ोली) से रोज करीब रोज करीब 10 हजार पेटी शराब सीमा पार भेजी जा रही है। यहां बाइक-स्कूटी की तस्कर वाहिनी काम कर रही है। हाल में सामने आए एक वीडियो में खुले मैदान में शराब की पेटियों के अंबार, ट्रकों और कंटेनरों से माल उतारने तथा दोपहिया वाहनों पर पेटियां लादने की गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। इससे पुलिस और आबकारी विभाग की निगरानी पर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के मुताबिक, सीमावर्ती इलाकों के आदिवासी युवाओं को शराब ढोने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। बाइक और स्कूटी पर 10 से 12 पेटियां लादकर गुजरात पहुंचाने के बदले प्रति फेरा 2500 रुपए दिए जाते हैं। रोज 100 से 200 दोपहिया वाहनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के इस्तेमाल की बात भी सामने आई है। आरोप है कि कार्रवाई में छोटे वाहन चालक पकड़े जाते हैं, जबकि नेटवर्क संचालित करने वाले लोग बच निकलते हैं। मप्र-गुजरात सीमा पर शराब तस्करी का सिंडिकेट पूरी तरह क्षेत्रवार बंटा है। स्थानीय स्तर पर मुकेश रजक और सेवलाभाई का नाम झाड़ोली-बेलार फलिया नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। चका भाई पर छकतला क्षेत्र, अलकेश पर दाहोद-गोधरा पट्टी और जयेश पिता संन्या पर वाहनों की आवाजाही से जुड़े काम संभालने के आरोप हैं। जानकारी के अनुसार, तस्करी के लिए तीन गलियारों का इस्तेमाल किया जाता है। पहला, छकतला से कवाट और जसवाड़ी होते हुए अहमदाबाद के मुख्य अड्डों तक जाता है। दूसरा इंडस्ट्रियल रूट है, जो चांदपुर दुकान और बडोली से छोटा उदयपुर, वाघोडिया और हलोल के रास्ते वडोदरा पहुंचता है।

---

### दिवाली प्रदर्शनी में बेचेंगे गोबर के दीये, पहले भिक्षावृत्ति और नशे में फंसे थे

# इंदौर में 43 हितग्राही बना रहे इको-फ्रेंडली गिफ्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** इंदौर

इंदौर में भिक्षावृत्ति और नशे में फंसे लोग अब अपने हाथों से दिवाली का सामान बना रहे हैं। इनमें बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं। पुनर्वास की प्रक्रिया से गुजर रहे 43 लोगों ने देशी गाय के गोबर से दीये, पूजन थालियां, तोरण और घर सजाने के सामान तैयार किए हैं। संस्था प्रवेश इन उत्पादों की स्वदेशी स्व-उत्थान दिवाली प्रदर्शनी एवं सेल लगाने जा रही है। इसके जरिए संस्था इन लोगों को उनके हुनर के आधार पर रोजगार और सम्मान दिलाना चाहती है।

प्रदर्शनी में रखे जाने वाले सभी उत्पाद पुनर्वासित लोगों ने अपने हाथों से तैयार किए हैं। संस्था के मार्गदर्शन में इन्होंने गोबर से सजावटी और उपयोगी वस्तुएं बनाना सीखा है। अब यही हुनर उनकी आमदनी और आत्मसम्मान का जरिया बन रहा है।

देशी गाय के गोबर से बने ये उत्पाद इको-फ्रेंडली और रसायन-मुक्त हैं। इनमें पारंपरिक भारतीय संस्कृति के साथ आधुनिक सजावट की झलक भी मिलेगी। प्रदर्शनी में गोमय से बने कलात्मक दीये, बाजोट, चौकियां, पूजन थालियां, श्री यंत्र, शुभ-लाभ और लक्ष्मी चरण रखे जाएंगे।





इसके अलावा घर सजाने के लिए हस्तनिर्मित तोरण, कार झूमर, वॉल पीस, घड़ियां और फ्लावर पॉट्स भी उपलब्ध रहेंगे। दिवाली पर उपहार देने के लिए फैमिली और कॉर्पोरेट गिफ्ट हैम्पर्स भी तैयार किए गए हैं।

#### 5,500 लोगों को भिक्षावृत्ति से बाहर निकाला

संस्था प्रवेश के मुताबिक, भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान और पुनर्वास के प्रयासों के तहत अब तक 5,500 से अधिक लोगों को भिक्षावृत्ति से बाहर निकाला गया है। इनमें 928 बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें बाल तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति और नशे जैसी गंभीर परिस्थितियों से बाहर निकालने का प्रयास किया गया। संस्था के अनुसार, ये बच्चे अब शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जो बच्चे कभी सड़कों पर समय बिताने और मजबूरी में पैसे मांगने को विवश थे, उनके जीवन में अब स्कूल, किताबें और सीखने के अवसर जुड़े हैं। उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, वयस्कों को हुनर सिखाकर रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। दिवाली प्रदर्शनी भी इसी प्रयास का हिस्सा है। यहां ग्राहक जब कोई दीया या सजावटी सामान खरीदेंगे, तो इससे इन लोगों की मेहनत और उनके नए जीवन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

---

### बेकाबू ट्रक ने करीब 25 से ज्यादा लोगों को टक्कर मारी थी, पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 10 से ज्यादा गंभीर रूप से घायल हुए थे

# संस्कृति के हाथ की सातवीं सर्जरी, पैर की नस हाथ में लगाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** इंदौर

एरोड्रम ट्रक हादसा:संस्कृति के हाथ की सातवीं सर्जरी, पैर की नस हाथ में लगाई, ट्रक का पहिया चढ़ने से फट गई थीं सभी नसें

एरोड्रम रोड पर हुए ट्रक हादसे की डरावनी यादें आज भी लोगों के जहन में हैं। बेकाबू ट्रक ने करीब 25 से ज्यादा लोगों को टक्कर मारी थी, पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 10 से ज्यादा गंभीर रूप से घायल हुए थे।

हादसे में घायल छात्रा संस्कृति वर्मा के हाथ और पैर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया था। इससे उसके पैर की ऐढ़ी पूरी तरह फट गई थी, जबकि हाथ पर पहिया चढ़ने से हड्डी में फ्रैक्चर होने के साथ नस और मांस पूरी तरह फट गया था।



संस्कृति ने बताया, 15 सितंबर 2025 को शाम के समय कोचिंग से लौट रही थी। तब उसे बेकाबू ट्रक ने चपेट में लिया था। टक्कर लगने से मैं सड़क पर गिर पड़ी थी। हादसा इतना भयावह था कि उसे याद कर आज भी डर जाती हूं। मेरे हाथ-पैर पूरी तरह डैमेज हो गए थे।

मेरी 7वीं सर्जरी मुंबई के बॉम्बे हॉस्पिटल में हुई। डॉ. अमरेश सिंह ने 5 घंटे हाथ का ऑपरेशन किया। मेरा हाथ अलग होने जैसी स्थिति में आ गया था। डॉक्टर ने पैर की नस निकालकर हाथों में डाली, जबकि कमर का मांस निकालकर हाथों में लगाया। 13 महीनों के दौरान मैं हाथ का उपयोग नहीं कर पाई। इस सर्जरी के बाद अब हाथ बैलेंस हुआ है और मूवमेंट करने लगा है। हालांकि अभी वजन नहीं उठा पा रही हूं।

#### 3 महीने पढ़ाई कर 12वीं 72% लाकर पास हुई

- संस्कृति ने बताया, सितंबर में हादसे का बाद पढ़ाई पूरी तरह छूट गई थी। सवा महीने से हाथ-पैर की चार सर्जरी हुई थी। जनवरी में सर्जरी के बाद परीक्षा देना मुश्किल था। नवंबर से लेकर जनवरी तक तीन महीनों में जैसे-तैसे पढ़ाई की।
- परीक्षा देने के लिए राइटर मिला, जिसकी मदद से 12वीं की परीक्षा दे सकी। मैंने 12वीं 72% अंक हासिल किए और अब ओल्ड जीडीसी में बीकॉम में एडमिशन लिया है। मेरा लक्ष्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनना है, जिसके लिए मैं जनवरी से कोचिंग शुरू करूंगी।

#### छह महीने तक तो बिस्तर पर ही पड़ी रही थी

संस्कृति ने बताया, हादसे के बाद पैर और हाथ ने पूरी तरह काम करना बंद कर दिया था। 6 महीने मैं बिस्तर पर पड़ी रही। हाथ-पैर मूवमेंट नहीं कर रहे थे। दर्द के कारण लगता था अब जान नहीं बचेगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुझसे तीन बार मिलने घर आए। कलेक्टर शिवम वर्मा और सीएमएचओ डॉ. माधव हसनानी हर हफ्ते मेरी जानकारी लेते थे। वे लोग मुझसे वीडियो कॉल पर बात कर आत्मविश्वास जगाते रहे। एक साल से चल रहे लगातार इलाज के बाद अब स्थिति में सुधार हो रहा है।

## खबर एक नजर...

### जिला अस्पताल के डस्टबिन में मिला 7 माह का भ्रूण

**सतना।** सतना के सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय जिला अस्पताल में गुरुवार शाम को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मेटरनिटी विंग के पास रखी डस्टबिन में 7 माह का मृत भ्रूण मिला। भ्रूण का वजन करीब 1.7 किलोग्राम बताया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने जांच करते हुए जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध महिला डस्टबिन में कुछ फेंकते हुए नजर आई। महिला ने अपना चेहरा ढक रखा था, लेकिन दूसरे कैमरे में उसका चेहरा साफ दिखाई दिया। अब डीएनए टेस्ट के जरिए भ्रूण की पहचान की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, पन्ना जिले के सलेहा की एक महिला को बुधवार देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने ड्यूटी डॉक्टर डॉ. हर्षा भठीजा को बताया कि महिला का गर्भपात हो गया है और बच्चे की नाल गर्भाशय में फंसी हुई है। डॉक्टर ने जब नाल निकाली तो उन्हें भ्रूण की गर्भावधि को लेकर संदेह हुआ। भ्रूण का आकार देखकर डॉक्टर ने परिजनों से पूछताछ की तो उन्होंने गर्भ तीन माह का होने की बात कही। इसी रात करीब डेढ़ बजे मेटरनिटी विंग के पास रखी डस्टबिन में 7 माह का भ्रूण फेंके जाने की घटना हुई। सुबह सफाई के दौरान भ्रूण मिलने पर अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।

### ग्वालियर में लैंडफिल साइट बनेगी सिटी फॉरेस्ट 1200 पौधे लगेंगे

**ग्वालियर।** ग्वालियर की कचरा डंपिंग साइट को अब प्राकृतिक जंगल में बदला जा रहा है। नगर निगम ने बहोड़ापुर के बरा गांव में सिटी फॉरेस्ट विकसित करने का काम शुरू किया है। करीब 94 हजार वर्गफुट में बन रहे इस जंगल पर 1.92 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। यहां पीपल, बरगद और नीम सहित 1200 से ज्यादा पौधे लगाए जा रहे हैं। निगम की योजना फरवरी तक इसे आम लोगों के लिए खोलने की है। अपर आयुक्त मुनीश सिकरवार के मुताबिक, बरा गांव में पहले लैंडफिल साइट थी, जहां कचरा डंप किया जाता था। यहां कचरे में आग लगने जैसी समस्याएं भी सामने आती थीं। अब जमीन को समतल कर हरियाली विकसित की जा रही है। इससे अनुपयोगी पड़ी जमीन को प्राकृतिक क्षेत्र में बदला जा सकेगा।

### रतलाम में 2 करोड़ के नोटों से सजा महालक्ष्मी मंदिर, 40 देशों की करेंसी

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के रतलाम में महालक्ष्मी मंदिर को दो करोड़ रुपए के नोटों, 40 देशों की विदेशी करेंसी और सोने-चांदी के आभूषणों से सजाया गया है। मंदिर में नोटों की गड्डियों से दीवारें, वंदनवार और पेड़ बनाए गए हैं। मां लक्ष्मी का श्रृंगार भी भक्तों के दिए नोटों और जेवरों से किया गया है। दीपावली पर धनतेरस से भाईदूज तक पांच दिन के लिए मंदिर को इस तरह सजाया जाता है। देशभर से भक्त यहां नकदी, सोने-चांदी के जेवर और तिजोरियां जमा कराते हैं। खास बात यह है कि पांच दिन बाद भक्तों को उनकी जमा की गई रकम और जेवर वापस लौटा दिए जाते हैं। मान्यता है कि मां लक्ष्मी के दरबार में धन और आभूषण रखने से घर में सुख-समृद्धि आती है।

### जबलपुर में पुरानी रंजिश में छात्र की चाकू मारकर हत्या

**जबलपुर।** जबलपुर के कुंडम थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक छात्र की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक दीपावली मनाने के लिए गांव आया था। वारदात बुधवार शाम की है। वह दोस्तों के साथ तुर्का रोड स्थित एक खाली प्लॉट में बैठा था, तभी मुख्य आरोपी और उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कुंडम थाना प्रभारी सतीश अंधवान के मुताबिक, ग्राम हल्का बोदा, थाना ढीमरखेड़ा निवासी आकाश उर्फ अक्कू लखन कुंजाम (19) जबलपुर में रहकर पढ़ाई करता था। दीपावली के लिए वह गांव आया था। वह दोस्तों के साथ कुंडेश्वर मंदिर गया था। लौटने के बाद सभी तुर्का रोड स्थित एक खाली प्लॉट में बैठे थे। इसी दौरान प्रीतम मार्को (19) अपने पांच-छह साथियों के साथ वहां पहुंचा। गांव में पहले मड़ई मेले के दौरान प्रीतम और आकाश के बीच विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते प्रीतम ने आकाश पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आकाश के दोस्त अपनी जान बचाकर वहां से भाग गए।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**
"ई–निविदा सूचना"
**निविदा संख्या** : SnT_RTM_26_18_SIGNAL दिनांक : 04/11/2026, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेलवे, रतलाम की ओर से व उनके लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम** : इंदौर यार्ड : निचले बाढ़ संभावित क्षेत्र में एमएसडीएसी प्रदान करके ट्रैक सर्किट को मजबूत करने के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹4,69,29,035.60/–, **बयाना राशि** : ₹9,38,600.00/–, **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक** : दिनांक 26/11/2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक** : दिनांक 26/11/2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि** : 12 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान** : सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाईन ई–निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। SNP-323
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

### विदिशा में 150 में से 7 दुकानें जलीं, 3 गाड़ियां भी राख; शॉर्ट सर्किट की आशंका

# पटाखा-बाजार में लगी भीषण आग, दुकान का माल लूट ले गई भीड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गंजबासौदा





मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के गंजबासौदा में गुरुवार शाम करीब 6 बजे श्रीरामलीला मेला ग्राउंड के पटाखा बाजार में आग लग गई। आग एक दुकान से शुरू हुई और देखते ही देखते 7 दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। इनमें रखे लाखों रुपए के पटाखे जलकर राख हो गए। पास खड़ी बाइक भी जल गईं। आग लगते ही पटाखों में धमाके होने लगे और रॉकेट इधर-उधर उड़ने लगे। बाजार में भगदड़ मच गई। दुकानदार सामान लेकर सुरक्षित जगह की ओर भागने लगे। इस दौरान भीड़ एक दुकानदार की दुकान का पूरा माल लूटकर ले गई।

नगर पालिका ने मेला ग्राउंड में लॉटरी से 257 दुकानदारों को जगह आवंटित की थी, लेकिन गुरुवार तक करीब 150 ने ही दुकानें लगाई थीं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, जनरेटर से दुकानों तक बिजली पहुंचाने वाली केबल में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक दुकान से चिंगारियां उठने के बाद पटाखे तेज आवाज के साथ फूटने लगे। रॉकेट इधर-उधर उड़ने लगे और आग दूसरी दुकानों तक फैल गई। दुकानदार पटाखे और दूसरा सामान निकालकर सड़क की ओर भागने लगे। इसी अफरा-तफरी के दौरान भीड़ एक दुकानदार की दुकान का पूरा माल लूटकर ले गई। दुकानदार राकेश प्रजापति ने बताया- ह्न फायर ब्रिगेड देर से पहुंची। तब तक दुकानें जल चुकी थीं। मेरा तो यहां कुछ भी नहीं बचा। पूरा माल जलकर राख हो गया। करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकानदार कुलदीप पंथी ने बताया कि नियम के मुताबिक पटाखा बाजार के पास फायर ब्रिगेड मौजूद रहनी चाहिए, लेकिन आग लगने के समय मौके पर दमकल नहीं थी। आग लगने के करीब 20 से 25 मिनट बाद फायर ब्रिगेड पहुंची। तब तक आग कई दुकानों तक फैल चुकी थी। सूचना मिलने पर दो फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दुकानदारों के मुताबिक, हर दुकान में करीब 1 से 2 लाख रुपए का माल था। इस हिसाब से 8 से 10 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। पटाखा बाजार में बिजली कंपनी की सप्लाई लाइन नहीं थी। दुकानों तक बिजली पहुंचाने के लिए जनरेटर लगाया गया था। इसी से केबल के जरिए दुकानों में बिजली सप्लाई की जा रही थी। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, इसी केबल में शॉर्ट सर्किट से एक दुकान में आग लगने की आशंका है।

# कर्मचारी अड़े... मप्र में आज सफाई-पानी पर संकट

### भोपाल में 13 हजार कर्मचारियों की हड़ताल; कहा- अब मुख्यमंत्री से ही बात करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

वेतन 10,500 से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने, अनुकंपा नियुक्ति समेत चार मांगों को लेकर मध्यप्रदेश के सफाईकर्मी दो दिन से हड़ताल पर हैं। शुक्रवार से हड़ताल और तेज हो सकती है। भोपाल में सफाईकर्मियों के समर्थन में अन्य 25 दिवसीय कर्मचारी भी मैदान में उतर आए हैं। इससे जलप्रदाय व्यवस्था पर भी संकट खड़ा हो सकता है। कर्मचारियों ने शुक्रवार को जलप्रदाय नहीं करने की चेतावनी दी है।

हड़ताल के चलते प्रदेश के कई शहरों में सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। भोपाल में लगातार दूसरे दिन कचरा नहीं उठा। सड़कों, बाजारों और गली-मोहल्लों में कचरे के ढेर लग गए हैं। कई जगह डस्टबिन भरने के बाद कचरा सड़कों पर फैल रहा है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन (7262) के प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोट ने बताया कि भोपाल में 7 हजार सफाईकर्मी हैं। इनके अलावा 6 हजार कंप्यूटर ऑपरेटर, बाबू, जलप्रदाय, फायर, बिल्डिंग परमिशन, अतिक्रमण, विद्युत, यांत्रिकी, उद्यान और योजना प्रकोष्ठ के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हैं।

### भोपाल में 400 से ज्यादा कचरा गाड़ियां गार्बेज स्टेशनों पर खड़ी

बता दें कि शहर में घरों से कचरा उठाने के लिए 400 से ज्यादा गाड़ियां लगाई गई हैं। हड़ताल के कारण ये गाड़ियां गार्बेज स्टेशनों पर खड़ी हैं। सामान्य दिनों में हर गाड़ी रोज दो से तीन चक्कर लगाती है। शहर के 17 गार्बेज स्टेशनों पर कचरा जमा होता है। यहां से कैप्सूल टैंकरों के जरिए इसे आदमपुर छावनी भेजा जाता है। भोपाल से रोज करीब 850 टन कचरा निकलता है। अब कर्मचारियों ने शुक्रवार से पानी की सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी है। इससे राजधानी में पेयजल संकट का खतरा बढ़ सकता है। भोपाल में 2.30 लाख से ज्यादा नल कनेक्शन हैं।



### भोपाल में जगह-जगह कचरे के ढेर पड़े हुए हैं

वहीं, सफाई कर्मचारियों के बाद अब दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हो गए हैं। इसके चलते भोपाल नगर निगम मुख्यालय स्थित अटल भवन में कामकाज ठप हो गया है। गुरुवार को कर्मचारी नेता अशोक वर्मा ने नगर निगम मुख्यालय की बिजली सप्लाई बंद कर दी और वहां ताला लगा दिया।

# जीएसटी अधिकारी की कार पलटी, 54.50 लाख रुपए कैश-गहने मिले

### रतलाम में एक्सप्रेस-वे पर हादसा, पत्नी-2 बच्चे भी घायल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम में गुरुवार को जीएसटी अधिकारी की कार ब्रिज से नीचे गिरकर पलट गई। हादसे में अधिकारी प्रवीण पूंजीलाल (40), उनकी पत्नी संतोष (37) और दोनों बेटे आदित्य (10) और अथर्व (8) गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को जावरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

प्रवीण मूल रूप से राजस्थान के गंगानगर के रहने वाले हैं। वे गुजरात के वापी में ऋळ विभाग में अधिकारी हैं। दीपावली की छुट्टियों में वे परिवार के साथ कार से सूरत से गंगानगर जा रहे थे। इसी दौरान गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर जावरा औद्योगिक क्षेत्र में नीमन-नागदी के बीच उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

हादसे के बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली। इस दौरान उसमें से 54.50 लाख रुपए कैश और आभूषण मिले। कैश दो बैग में रखे थे। इनमें 500 के नोट की 92 गड्डियां और 200 रुपए की 10 गड्डियां मिली है। इसे पुलिस ने अभी अपनी कस्टडी में रखा हुआ है। घायल के बयान अभी नहीं हो पाए हैं। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। चोटें ज्यादा होने के कारण पुलिस अभी उनके बयान नहीं ले पाई है। शुरूआती जानकारी में कार में एक करोड़ रुपए होने की बात सामने आई है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सड़क पर मिले सिर-पैर के टुकड़े, पीछे बैठी महिला तड़पती रही

# कंटेनर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 100 फीट तक घसीटा, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजगढ़ (भोपाल)

भोपाल के राजगढ़-ब्यावरा के बीच तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार दो लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चला रहे ओमप्रकाश जाटव (48) सड़क पर गिर गए। इसके बाद कंटेनर उन्हें करीब 100 फीट तक घसीटता ले गया। हादसे में ओमप्रकाश का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटनास्थल पर उनका आधा सिर और दोनों पैर मिले।

सड़क पर करीब 100 फीट तक खून और घसीटे जाने के निशान दिखाई दिए। हादसे में ओमप्रकाश की मौत हो गई है। बाइक पर पीछे बैठी शांति बाई (47) भी घायल हो गईं। वे सड़क पर तड़पती रहीं। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन लेकर भाग निकला। कुछ दूर एक ढाबे पर कंटेनर छोड़कर वह फरार हो गया।

### पुलिस ने फावड़े की मदद से शव क टुकड़े समेटे

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कंटेनर की टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों लोग उछलकर सड़क पर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने फावड़े की मदद से सड़क पर बिखरे शव के टुकड़ों को इकट्ठा किया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला को भी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा। मलावर थाना क्षेत्र के भगवतीपुरा निवासी ओमप्रकाश जाटव कारीगरी का काम करते थे। गुरुवार सुबह वे बाइक से राजगढ़ आए थे। उनके साथ मलावरी गांव की रहने वाली परिचित शांति बाई सोंधिया भी थीं। बताया जा रहा है कि शांति बाई का बेटा राजगढ़ जेल में बंद है। वे उससे मिलने के लिए ओमप्रकाश के साथ आई थीं। जेल में बेटे से मुलाकात के बाद दोनों कुछ घंटे राजगढ़ में रुके। इसके बाद बाइक से गांव लौट रहे थे।

### 2.86 लाख-छात्रों से 8.5 करोड़ लिए, बस-सुविधा सिर्फ 2640 को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैनगुना/छतरपुर/

प्रदेश के 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश के वक्त वादा किया गया था कि घर या हॉस्टल के नजदीकी रूट से बस से कॉलेज लाने और वापस छोड़ने की सुविधा सिर्फ एक रुपया प्रतिदिन के नाममात्र शुल्क पर दी जाएगी। इसी सुविधा के नाम पर उच्च शिक्षा विभाग ने 2.86 लाख विद्यार्थियों से प्रति छात्र सालाना 300 रु के हिसाब से कुल 8 करोड़ 58 लाख की भारी-भरकम वसूली भी कर ली। लेकिन स्थिति यह है कि 99% छात्रों के लिए बसें हैं ही नहीं। पड़ताल में खुलासा हुआ है कि प्रदेश के 55 एक्सीलेंस कॉलेजों के लिए महज 48 बसें ही उपलब्ध हैं। इनमें से 11 जिले तो ऐसे हैं, जहां एक भी बस नहीं है। एक बस की मानक क्षमता 55 सीटों की होती है। रूट और समय की पाबंदी के कारण बसें एक ही फेरा लगा पाती हैं। पूरे प्रदेश की 48 बसों की कुल क्षमता जोड़ें तो एक फेरे में अधिकतम 2,640 छात्र ही सफर कर पाते हैं। जबकि फीस 2.86 लाख छात्रों से ली गई है। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि बस संचालन के लिए कोई अनुदान नहीं मिलता है। अभी बसों की कमी है। भविष्य में बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। 11 जिले (भिंड, हरदा, शिवपुरी, मंदसौर, बुरहानपुर, शाजापुर, कटनी, रतलाम, नीमच, मैहर, उमरिया) ऐसे हैं जहां कॉलेजों के पास एक भी बस उपलब्ध नहीं है।

# सड़क सुरक्षा, अब धीमी रफ्तार में साउंड अलर्ट दे रहे ईवी कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच 1 अक्टूबर 2026 से नया सुरक्षा नियम लागू हो चुका है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों (एआईएस-173 मानक) के तहत 1 अक्टूबर के बाद से बाजार में आए नए मॉडल के इलेक्ट्रिक वाहनों में एकाउस्टिक व्हीकल अलर्टिंग सिस्टम (एवीएएस) अनिवार्य कर दिया गया है। इस व्यवस्था के प्रभावी होने के बाद भोपाल की सड़कों पर उतरे 173 चार पहिया ईवी के नए मॉडल्स अब बिना आवाज के नहीं चल रहे हैं, बल्कि धीमी रफ्तार पर उनसे अपने आप साउंड निकल रहा है। राजधानी में अब तक 32 हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर आ चुके हैं, जिनमें करीब 5 हजार से ज्यादा कारें शामिल हैं। अकेले इस बार नवरात्रि के 10 दिनों में ही 872 नए प्योर ईवी रजिस्टर्ड हुए, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 55% ज्यादा हैं। अब शहर में बिकने वाले हर 100 नए वाहनों में ईवी की हिस्सेदारी 8 से बढ़कर 13 हो चुकी है।

# प्राचार्य का कुत्तों से ऐसा प्रेम...:ऑफिस के साथ कक्षा में भी बैठ रहे, छात्रा को काटा

### गर्ल्स हाई स्कूल करार्पुर में कक्षा 9वीं और 10वीं की 181 छात्राएं पढ़ रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर



गर्ल्स हाई स्कूल करार्पुर में कक्षा 9वीं और 10वीं की 181 छात्राएं पढ़ रही हैं। स्कूल सुबह 10:30 बजे शुरू होता है। छात्राएं जैसे ही स्कूल पहुंचती हैं, उन्हें गेट से ही गंदगी और कुत्तों का सामना करना पड़ता है। कक्षाओं में भी एक-दो कुत्ते या पिल्ले बैठे मिलते हैं, क्योंकि यहां की प्राचार्य ने स्ट्रीट डॉग्स पाल रखे हैं। यहां 4-6 कुत्ते हमेशा मौजूद रहते हैं। इन कुत्तों को रखने के लिए एक कमरा भी खाली छोड़ दिया गया है।

छात्राओं के साथ ही यहां के शिक्षकों को हर रोज इन कुत्तों से जूझना पड़ता है। इनके द्वारा की जाने वाली गंदगी और धमाचौकड़ी के बीच ही पढ़ना-पढ़ाना होता है। शिक्षक, छात्राएं और अभिभावक भी इस पर आपत्ति जता चुके हैं, लेकिन प्राचार्य न तो कुत्तों को बाहर कर रही हैं और न ही किसी को ऐसा करने दे रही हैं। इस स्कूल में कुत्ते दो साल से पाले जा रहे हैं। ऐसा तब है, जब सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल मई में स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास से कुत्तों को हटाने को कहा था।

स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 9वीं की छात्रा निकिता अहिरवार को स्कूल में कुत्ते ने काट लिया था। उसे इलाज कराना पड़ा। इसके अलावा टिफिन देने के लिए आईं शबनम खान और आकांक्षा अहिरवार पर भी स्कूल में कुत्ते झपट चुके हैं। अभिभावक स्कूल आने से डरते हैं। छात्राएं जब टिफिन खोलती हैं, तो ये कुत्ते आकर उनके आसपास झुंड में खड़े हो जाते हैं और झपटते रहते हैं।

अरविंद जैन, जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि करार्पुर स्कूल के इस मामले में एक बार शिकायत आई थी, तो पता कराया था। तब प्राचार्य ने इसे दबाव बनाने वाला मामला बताया था। यदि ऐसा कुछ है, तो मैं जांच कराऊंगा। रिपोर्ट भी भेज दूंगा।

### 3 प्लेटफॉर्म बनेंगे:मोहनपुरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर शेड की तैयारी...

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रबंधन मुख्य स्टेशन के अलावा पंवासा और मोहनपुरा में दो और नए स्टेशन बनाएगा। मोहनपुरा स्टेशन पर तीन प्लेटफॉर्म रहेंगे, ताकि सिंहस्थ में यात्रियों को मुख्य स्टेशन पर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मोहनपुरा स्टेशन से बाहर निकलते ही श्रद्धालु सिंहस्थ क्षेत्र में पहुंच जाएंगे। एक नंबर प्लेटफॉर्म का बेस तैयार होकर यहां शेड बनाने का काम भी लगा दिया। प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन का काम भी लगभग 40% हो गया। ज्यादा भीड़ की स्थिति बनने पर नागदा रोड से आने वाली ट्रेनों को भी यही रोक दिया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे अहमदाबाद और झंझारपुर के बीच अनारक्षित साप्ताहिक विशेष ⇌ ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन सं. | प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09437 | अहमदाबाद - झंझारपुर | 06.11.2026 और 13.11.2026 | 23:55 बजे (शुक्रवार) | 15:00 बजे (रविवार) |
| 09438 | झंझारपुर - अहमदाबाद | 08.11.2026 और 15.11.2026 | 17:00 बजे. (रविवार) | 09:30 बजे. (मंगलवार) |

ठहराव: आनंद, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और सकरी स्टेशन दोनों दिशाओं में।
कंपोजिशन: जनरल सेकंड क्लास कोच।
स्टॉपेज और रुकने के समय के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं। ऊपर बताई गई ट्रेन स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेगी।
पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक facebook.com/WesternRly XX.com/WesternRly
करें और फॉलो करें Instagram.com/WesternRly https://www.youtube.com/@WesternRly https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

# 'रामायण' के सेट पर बेटी राहा संग दिखे रणबीर, एक्शन सीन की शूटिंग के बीच मस्ती करते नजर आए



## आलिया बोलीं- मुझे तुम पर गर्व है

रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रामायण पार्ट-1 ' गुरुवार को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म की ग्रैंड रिलीज के मौके पर अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर सेट की कुछ अनदेखी झलकियां शेयर की हैं। इन तस्वीरों और में फिल्म में भगवान राम का किरदार निभा रहे रणबीर कपूर एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान अपनी बेटी राहा के साथ समय बिताते और पिता की जिम्मेदारी निभाते नजर आ रहे हैं। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए अपने पति रणबीर कपूर और फिल्म की पूरी टीम की सराहना की। आलिया ने लिखा कि रणबीर ने इस प्रोजेक्ट में अपना सब कुछ लगा दिया, फिर भी राहा के लिए उनके पास उतना ही प्यार बचा रहा।

उन्होंने रणबीर और इस सिनेमाई अनुभव को साकार करने वाले हर व्यक्ति पर गर्व जताया। आलिया ने आगे लिखा कि कुछ कहानियां हम सबसे बड़ी होती हैं और 'रामायण' उन्हीं में से एक है। फिल्म 'रामायण' का मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। थिएटर्स में फिल्म की रिलीज से पहले आयोजित इस इवेंट में बॉलीवुड के कई सेलेब्स शामिल हुए। इस दौरान आलिया भट्ट अपने पति रणबीर की फिल्म को सपोर्ट करने पहुंचीं थीं।

**4,000 करोड़ के बजट में बनी है फिल्म-** रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रामायण' भारतीय सिनेमा के इतिहास का सबसे बड़ा और महंगा प्रोजेक्ट है। फिल्म का कुल बजट करीब 4,000 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

# हिमेश को सलमान से ज्यादा मिली थीं तालियां



## आहत हुआ था भाईजान का ईगो; नाक से गाता है कहकर उड़ाया था मजाक, सालों बाद सुधरे रिश्ते

कभी उनके गाने चार्टबस्टर होते थे, तो कभी उनकी आवाज का मजाक उड़ता था। किसी ने उन्हें नाक से गाने वाला सिंगर कहा, तो किसी ने एक्टिंग पर सवाल उठाए। फिल्मों में असफलताओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। हिमेश रेशमिया ने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने की जिद नहीं छोड़ी।

सलमान खान की फिल्मों से संगीतकार के तौर पर शुरूआत करने वाले हिमेश ने 'तेरे नाम', 'आशिक बनाया आपने' और 'झलक दिखला जा' जैसे गानों से देशभर में धूम मचाई। इसके बाद वह सिंगर बने, स्टेज शोज में लोकप्रिय हुए और फिल्मों में हीरो भी बने। इस दौरान सलमान खान से अनबन की खबरें आईं, लेकिन बाद में रिश्ते सुधरे और दोनों ने फिर साथ काम किया। आलोचनाओं और उतार-चढ़ाव के बीच उनका संगीत का सफर जारी है।

आज की सक्सेस स्टोरी में हिमेश रेशमिया के करियर के कुछ खास पड़ावों और उपलब्धियों पर एक नजर..

## 16 साल की उम्र में काम शुरू किया

हिमेश रेशमिया रातोंरात स्टार नहीं बने। उनका जन्म 23 जुलाई 1973 को मुंबई में हुआ। उनके पिता विपिन रेशमिया भी संगीतकार थे। घर में संगीत का माहौल था, लेकिन हिमेश ने कम उम्र से ही काम शुरू कर दिया था।

रेडिफ को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि 16 साल की उम्र में अपना पहला टेलीविजन सीरियल प्रोड्यूस किया था। उनका लक्ष्य शुरू से संगीतकार बनना था। टेलीविजन के लिए काम करते हुए उन्होंने संगीत की बारीकियां सीखीं। सीरियल 'अंदाज' के टाइटल ट्रैक से संगीतकार के तौर पर पहचान बनानी शुरू की।

बॉलीवुड में जगह बनाना आसान नहीं था। उस दौर में अनु मलिक, जतिन-ललित और शंकर-एहसान-लॉय जैसे संगीतकारों का दबदबा था। हिमेश छोटे प्रोजेक्ट्स करते रहे और बड़े मौके का इंतजार करते रहे। हिमेश के करियर में सलमान खान की अहम भूमिका रही। 1998 में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' से उन्हें बॉलीवुड में संगीतकार के तौर पर बड़ा मौका मिला। इसके बाद उन्होंने 'बंधन', 'हैलो ब्रदर' और 'दुल्हन हम ले जाएंगे' जैसी फिल्मों में काम किया।

असली पहचान 2003 में आई सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' से मिली। फिल्म के गाने युवाओं के बीच लोकप्रिय हुए। खासकर 'क्यों किसी को', 'तुमसे मिलना' और 'लगन लगी' ने उन्हें इंडस्ट्री के चर्चित संगीतकारों में शामिल कर दिया।

इसके बाद उन्होंने 'हमराज', 'ऐतराज', 'मैंने प्यार क्यों किया', 'दिल मांगे मोर', 'आशिक बनाया आपने' और 'शादी से पहले' में संगीत दिया। रेडिफ को 2006 में दिए इंटरव्यू में हिमेश ने बताया था कि छह महीने में उनके 27 गाने चार्टबस्टर हुए थे। वहीं, 2009 के इंटरव्यू में उनके लगातार 36 हिट गानों का जिक्र किया गया था। इससे उनकी लोकप्रियता का अंदाजा मिलता है। संगीतकार के तौर पर सफलता के बाद हिमेश ने अपनी धुनों को आवाज देने का फैसला किया। 2005 में फिल्म 'आशिक बनाया आपने' के टाइटल ट्रैक से गायक के तौर पर पहचान बनाई। रिलीज होते ही यह गाना युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गया। इमरान हाशमी और तनुश्री दत्ता पर फिल्माए गए इस गाने ने हिमेश को लोकप्रिय सिंगर बना दिया।

# सीतापुर में गोविंदा के डांस पर झूमे हजारों दर्शक



सीतापुर के बिसवां में गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे फिल्म अभिनेता एवं पूर्व सांसद गोविंदा ने अपने डांस से जन समाधान पदयात्रा के समापन समारोह को यादगार बना दिया।

महमूदाबाद रोड स्थित पुराना जनता भट्ठा परिसर में उनकी एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। करीब एक घंटे तक चले कार्यक्रम में गोविंदा ने अपनी फिल्मों के सुपरहिट गीतों पर डांस कर दर्शकों का मनोरंजन किया। उनके मंच पर पहुंचते ही लोगों में उत्साह देखने को मिला।

गोविंदा ने जैसे ही ह्यूपी वाला ठुमका लगा के गाने पर अपने खास अंदाज में डांस शुरू किया, पंडाल में मौजूद युवा झूमने लगे। इसके बाद उन्होंने ह्यसोना कितना सोना है, सरकाई लो खटिया जाड़ा लगे और जाड़े में बलमा प्यारा लगे जैसे लोकप्रिय गीतों पर भी प्रस्तुति दी।

दर्शकों ने तालियां बजाकर और शोर मचाकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मोबाइल से गोविंदा की प्रस्तुति का वीडियो बनाते नजर आए।

## पांच दिवसीय पदयात्रा का हुआ समापन

शरद चौधरी फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी अरिंजय चौधरी की ओर से आयोजित पांच दिवसीय जन समाधान पदयात्रा का गुरुवार को समापन हुआ। यह पदयात्रा 31 अक्टूबर को कंदुनी स्थित जय जावेद स्टेडियम से शुरू हुई थी। इस दौरान अरिंजय चौधरी ने बिसवां विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। पदयात्रा में विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं, रोजगार और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए।

# सनी देओल पिता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचे



## बेटे करण के साथ खेत में भावुक दिखे; लिखा- पापा आपको मिस कर रहा हूं

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल अपने बेटे करण देओल के साथ दिवंगत पिता धर्मेंद्र के महाराष्ट्र स्थित 100 एकड़ के फार्महाउस पहुंचे। मुंबई की भागदौड़ से दूर लोनावला की पहाड़ियों में स्थित इस फार्महाउस में पहुंचकर सनी देओल अपने पिता को याद कर भावुक नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस दौरे का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे खेतों के बीच खड़े होकर धान की कटाई और सफाई का काम देख रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में सनी ने 'मिसिंग यू पापा' लिखा।

सनी देओल की ओर से शेयर किए गए वीडियो में वे अपने बेटे करण देओल के साथ फार्महाउस के खेतों में खड़े नजर आ रहे हैं। वहां स्थानीय मजदूर धान की सफाई के काम में जुटे हुए हैं। वीडियो के दौरान सनी अपने बेटे से कहते हैं- ये मेरे पापा का खेत है, तुम्हारे लिए वे बड़े पापा थे , जिस पर करण हां में सिर हिलाते हैं। सनी ने इस वीडियो के बैकग्राउंड में अपनी मशहूर फिल्म 'अपने' का टाइटल ट्रैक लगाया है और रेड हार्ट इमोजी के साथ अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।


## 1985 में खरीदा था फार्महाउस, खेती का था शौक

यह फार्महाउस महाराष्ट्र के लोनावला और खंडाला की पहाड़ियों के बीच करीब 100 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसे धर्मेंद्र ने साल 1985 में खरीदा था। धर्मेंद्र इस संपत्ति को अपना सबसे सुकून भरा ठिकाना मानते थे। लकड़ी और पत्थरों से बने इस फार्महाउस में वे अपने हाथों से फल और सब्जियां उगाया करते थे। धर्मेंद्र अक्सर सोशल मीडिया पर यहां ट्रैक्टर चलाते या खेती करते हुए अपने वीडियो प्रशंसकों के साथ साझा करते रहते थे।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...




## रंग भरकर चित्र बनाओ




## जोक्स

**मास्टर जी:** सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
**छात्र:** किताब में
**मास्टर जी:** कैसे?
**छात्र:** क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

**टीचर:** कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
**छात्र:** बनिए !
**टीचर:** वो कैसे ?
**छात्र:** क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।



## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वदेश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

### ऊपर से नीचे

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधु, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, गाड़ी-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 130 | | 5 | | 3 | | 5 | = | 28 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 65 | | 5 | | 2 | | 5 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 10 | | 20 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 2 | | 2 | | 25 | = | 35 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 30 | | 25 | | 13 | | 30 | = | 18/48 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | श | मु | कि | स्म | त | हो | प | न | र | द | | | | |
| क | कि | ल | ना | द | म | जा | ऐ | त | रा | ज | | | | |
| य | के | व | हे | लि | ही | ना | न | व | टि | रू | | | | |
| ई | ट | र | ग | ला | का | ते | क | ले | ज | य | | | | |
| प | दा | सा | अं | ने | तो | हो | व | गो | भ | त | | | | |
| व | स | त | प | दा | स | ए | व | सं | धी | य | | | | |
| ट | ल्फ | न | न | जी | ज | ह | अ | गो | प्ला | ट | | | | |
| क | र | मा | प | क्ष | प | क | र | खो | न | ख | | | | |
| र | य | त | रट | रा | भी | त | ह्मी | अ | क्षा | अ | | | | |
| क | र | ल | प | र | ज | ता | रे | र | ह | द | | | | |
| क | ह | रि | ग | आ | प | धी | खा | ति | र | जा | | | | |

शब्दजाल में प्रियंका चोपड़ा की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

---

बल्फमास्टर, वक्त, किस्मत, ऐतराज, द हीरो, आप की खातिर, अंदाज, असंभव, प्लान, बरसात.

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 5 | | | 1 |
| | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | |
| 7 | 5 | | 3 | | 4 | 2 |
| 1 | 25 | 2 | 32 | | 34 | |
| | 1 | | 6 | 7 | | 4 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | |
| 4 | | | | | | 3 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | + | 60 | - | 50 | - | 30 | = | 50 | | | | | | |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | x | ■ | - | | | | | | |
| 50 | - | 50 | + | 40 | + | 10 | = | 50 | | | | | | |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + | | | | | | |
| 40 | x | 1 | + | 10 | - | 25 | = | 25 | | | | | | |
| - | ■ | x | ■ | - | ■ | + | ■ | + | | | | | | |
| 50 | + | 2 | - | 5 | x | 1 | = | 20 | | | | | | |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | | | | | | |
| 10 | + | 20 | - | 4 | + | 13 | = | 17/33 | | | | | | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 27 | 1 | 29 | 6 | 38 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 42 | 6 | 39 | 4 | 23 | 3 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल


मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



## आइजनकोट के पीएम बनने का रास्ता साफ, अरब पार्टियों ने समर्थन दिया

### 67 सांसद साथ आए; नेतन्याहू के पास 46 बचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

इजराइल में पूर्व सेना प्रमुख और विपक्षी नेता गादी आइजेनकोट के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। राष्ट्रपति इसाक हर्जोग के साथ दो दिन की बातचीत के बाद 11 सांसदों वाली अरब पार्टियों की जाइंट लिस्ट ने उन्हें सरकार के बाहर से समर्थन दिया है। इससे उनके पास 67 सांसदों का समर्थन हासिल हो गया है, जो बहुमत से 6 ज्यादा है।




## गादी आइजनकोट

इजराइल के पूर्व सेना प्रमुख

**जन्म:** 19 मई 1960, तिबरियास

**शिक्षा:** हाइफा यूनिवर्सिटी से इतिहास में स्नातक; तेल अवीव यूनिवर्सिटी से राजनीति विज्ञान में मास्टर डिग्री

**करियर**



1978 इजराइली सेना में भर्ती

2015-2019 तक इजराइल के सेना प्रमुख रहे

2022 में नेशनल यूनिटी पार्टी के साथ राजनीति में आए और संसद सदस्य बने

2023 में हमास के हमले के बाद बनी वॉर कैबिनेट के सदस्य रहे

### 2015 में चुनाव से पहले बनी थी जॉइंट लिस्ट

- 2015: जॉइंट लिस्ट में शामिल अरब समुदाय की चार पार्टियों ने एक साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया था। गठबंधन ने 13 सीटें जीतीं।
- 2019: सितंबर में हुए चुनाव में भी 13 सीटें मिलीं।
- 2020: गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर रहा और इसे 15 सीटें मिलीं।
- 2021: आपसी मतभेदों के कारण राअम गठबंधन से अलग हो गई। इसके बाद हदाश और ताल समेत बाकी पार्टियों ने साथ चुनाव लड़ा।
- 2022:हदाश और ताल ने साथ चुनाव लड़ा, जबकि बलद अलग हो गई। बलद संसद में पहुंचने के लिए जरूरी 3.25% वोट हासिल नहीं कर पाई।
- 2026: हदाश, ताल और बलद ने फिर साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया। राअम इस बार भी अलग रही।

वहीं, मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के समर्थन में अब सिर्फ 46 सांसद रह गए हैं। नेतन्याहू की पुरानी सहयोगी अति-रूढ़िवादी पार्टी यूनाइटेड टोरा जूडिज्म ने उनका समर्थन करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला था। अरब पार्टियों के समर्थन से आइजेनकोट को सरकार बनाने का पहला मौका मिलने की संभावना मजबूत हुई है।

### जॉइंट लिस्ट गठबंधन को जानिए

यह इजराइल की अरब आबादी के अधिकारों की बात करने वाला राजनीतिक गठबंधन है। इसमें तीन अलग-अलग पार्टियां शामिल हैं। गठबंधन में अरब नेताओं के साथ यहूदी नेता भी हैं।

हदाशः वामपंथी पार्टी है। अरब और यहूदी नागरिकों की समानता, मजदूरों के अधिकारों और फिलिस्तीन के साथ शांति की वकालत करती है।

तालः अहमद तिबी की पार्टी है। अरब नागरिकों के समान अधिकार, शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों और फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना का समर्थन करती है।

बलदः अरब राष्ट्रवादी विचारधारा वाली धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। इजराइल को ऐसा देश बनाने की वकालत करती है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलें।

### नेतन्याहू को हटाने के लिए चार विपक्षी नेता एक साथ आए

चुनाव के बाद 3 नवंबर को नेतन्याहू के विरोधी चार बड़े नेताओं ने हर्जलिया में बैठक की। इनमें गादी आइजेनकोट, नफ्ताली बेनेट, यायर लापिड और यायर गोलान शामिल थे। इन नेताओं ने नेतन्याहू को सत्ता से हटाने के लिए मिलकर काम करने और सरकार बनाने की बातचीत तुरंत शुरू करने पर सहमति जताई।

### सरकारी ताकत इस्तेमाल कर परिवार को अमीर बनाने का आरोप, एपस्टीन मामले की भी जांच होगी


# डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में विपक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद अब राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके जरिए उन्हें पद से हटाया जा सकता है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक डेमोक्रेट्स आरोप लगा रहे हैं कि ट्रम्प ने अपने पद का इस्तेमाल कर अपने करीबियों को फायदा पहुंचाया और संपत्ति जुटाई। इससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। डेमोक्रेटिक सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने कहा है कि वे यह पता लगाएंगे राष्ट्रपति रहते हुए ट्रम्प और उनके परिवार की संपत्ति कैसे बढ़ी। उनका फोकस ट्रम्प के बेटों और दामाद जेरेड कुशनर के कारोबारी सौदों पर है।

गार्सिया ने जांच के लिए पांच मुद्दे तय किए हैं। इनमें ट्रम्प परिवार के कारोबारी सौदे, जेफ्री एपस्टीन मामले की जांच में ट्रम्प प्रशासन की भूमिका और अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी की छापेमारी और कार्रवाई शामिल हैं।

हाउस में कुल 435 सीटें हैं। सभी सीटों पर चुनाव हुए। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 242 और ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने 151 सीटें जीती हैं। 42 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। डेमोक्रेट्स को जरूरी बहुमत मिल चुका है। सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए




हैं। अब तक 33 सीटों के नतीजे सामने आ चुके हैं। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 20 और रिपब्लिकन पार्टी ने 13 सीटें जीती हैं। बाकी 2 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। इन नतीजों को मिलाकर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 54 और रिपब्लिकन पार्टी के पास 44 सीटें हैं।

कुल 36 सीटों में से 34 राज्यों के नतीजे आ चुके हैं। 22 डेमोक्रेट्स और 12 रिपब्लिकन ने सीटें जीती हैं। 2 राज्यों में वोटों की गिनती जारी है।

### रिपब्लिकन सांसद बोले- आईसीई की कार्रवाई से पार्टी को नुकसान हुआ

रिपब्लिकन पार्टी के सांसद मार्लिन स्टुट्जमैन ने माना है कि इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट की सख्त कार्रवाई से पार्टी को चुनाव में नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि डिपोर्टेशन पर लगातार जोर देने और ICE की कार्रवाई के चलते लैटिन अमेरिकी वोटर रिपब्लिकन पार्टी से दूर हो गए। स्टुट्जमैन इंडियाना से रिपब्लिकन सांसद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टुट्जमैन ने कहा कि पार्टी ने दक्षिणी सीमा की सुरक्षा के मुद्दे पर सही बात की, लेकिन अवैध प्रवासियों को देश से निकालने की बात बार-बार उठाने से गलत संदेश गया।

अमेरिका में चर्चा है कि राष्ट्रपति ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच ईरान जंग को लेकर मतभेद हैं। इसकी वजह वेंस की वह पोस्ट है, जिसमें उन्होंने मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के लिए ईरान जंग को जिम्मेदार बताया था। हालांकि, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने इइउ को बताया कि वेंस की पोस्ट जारी होने से पहले ही ट्रम्प को इसकी जानकारी थी। अधिकारी के मुताबिक, ट्रम्प को इस पोस्ट से कोई परेशानी नहीं थी। यही वजह है कि उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर वेंस की बात का समर्थन भी किया था।

### मैक्सिको की राष्ट्रपति बोलीं- छापेमारी से ट्रम्प की पार्टी को नुकसान

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबॉम ने कहा है कि अमेरिका में प्रवासियों पर छापेमारी और उनके साथ नस्ल के आधार पर भेदभाव की वजह से हिस्पैनिक वोटरों ने ट्रम्प की पार्टी से दूरी बनाई। उन्होंने कहा कि नस्ल और मूल देश के कारण लोगों को निशाना बनाया गया। इसका असर मिडटर्म चुनाव में हिस्पैनिक वोटरों के फैसले पर पड़ना तय है। दो साल पहले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प को किसी भी रिपब्लिकन राष्ट्रपति के मुकाबले हिस्पैनिक वोटरों का सबसे ज्यादा समर्थन मिला था। लाखों हिस्पैनिक वोटरों ने उन्हें वोट दिया था।

कानून रोक सकते हैं: ट्रम्प संसद से पास होने वाले किसी भी बिल पर वीटो लगा सकते हैं। डेमोक्रेट्स के पास फिलहाल इतने वोट नहीं हैं कि वे अपने फैसले लागू कर सकते हैं

### फ्रांस में सरकारी ब्लड बैंक का कूलिंग सिस्टम हैक

# खून को 110° तक खौलाने की साजिश; इससे लगभग 1900 अस्पताल जुड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

फ्रांस में हैकर्स ने 1 नवंबर की रात ब्लड बैंक के कोल्ड स्टोरेज सिस्टम पर हमला किया। हमलावरों ने फ्रीजर का तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस से बढ़ाकर 110 डिग्री सेल्सियस तक करने की कोशिश की। हालांकि, अलार्म सिस्टम ने समय रहते गड़बड़ी पकड़ ली। इससे खून और प्लाज्मा के नमूनों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

फ्रांस के साप्ताहिक अखबार 'ले कनार आंचेने' ने बुधवार को सबसे पहले इस साइबर हमले की खबर दी थी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड स्टोरेज सिस्टम में प्रवेश के लिए डिफॉल्ट पासवर्ड का इस्तेमाल किया गया था।

फ्रांस के ब्लड बैंक का संचालन करने वाली संस्था फ्रेंच ब्लड एस्टैब्लिशमेंट (एञ्ज्ञ) के मुताबिक फ्रीजर में रखे प्लाज्मा को सुरक्षित दूसरी जगह भेज दिया गया है। कोल्ड स्टोरेज में लगे निगरानी और अलार्म




सिस्टम ने तापमान में असामान्य बदलाव को तुरंत पकड़ लिया। इससे कर्मचारियों को समय रहते कार्रवाई करने का मौका मिल गया। फ्रांस की सरकारी रक्त सेवा है। यह देश के 1,900 से ज्यादा अस्पतालों के लिए खून, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स इकट्ठा करने, उनकी जांच करने, उन्हें तैयार करने और अस्पतालों तक पहुंचाने का काम करती है।

फ्रीजर का तापमान नियंत्रित करने के लिए दुकानों और कोल्ड स्टोरेज सेंटर में खास इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोलर लगे होते हैं। इनकी मदद से तापमान की निगरानी और उसे दूर से नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ सिस्टम इंटरनेट से जुड़े होते हैं, ताकि उपकरण उपलब्ध कराने वाली कंपनी या तकनीकी कर्मचारी कहीं से भी उनकी जांच और मरम्मत कर सकें।

फ्रांस की सरकारी साइबर सुरक्षा एजेंसी ने 12 अक्टूबर को ही रेफ्रिजरेशन कंट्रोलर पर हमलों को लेकर चेतावनी जारी की थी।

### यूरोप में 15 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

# फ्रांस ने फाइटर जेट भेजे, इमरजेंसी लैंडिंग कराई; 2 दिन पहले भी धमकियां मिली थीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रोम

यूरोप में गुरुवार को 15 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें फिनलैंड, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य और बुल्गारिया के विमान शामिल हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने कई विमानों का रास्ता बदलवाया, जबकि फ्रांस ने डबलिन से रोम जा रही फ्लाइट की सुरक्षा के लिए फाइटर जेट भेजे।

विमान को फ्रांस के एब्रू सैन्य एयरबेस पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें 151 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। अब तक किसी भी विमान में विस्फोटक नहीं मिला है। इस हफ्ते यूरोप में विमानों को धमकियां मिलने की यह तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले मंगलवार को भी करीब 10 विमानों को ऐसी धमकियां मिली थीं। वहीं सोमवार को ब्रिटेन में भी करीब 7 फ्लाइट्स को धमकियां दी गई थीं। एयरपोर्ट पर बम निरोधक एक्सपर्ट्स ने इसकी तलाशी ली। इस घटना के चलते रोम के लियोनार्डो दा विंची एयरपोर्ट पर 30 मिनट तक उड़ानें रोकनी पड़ीं।

वहीं, हेलसिंकी से वियना जा रही जेटटाइम की एक फ्लाइट को भी धमकी मिली थी। हालांकि, विमान ऑस्ट्रिया की राजधानी में सामान्य रूप से उतर गया। इटली के मिलान से पोलैंड की राजधानी वॉरसॉ जा रही विज एयर की फ्लाइट को बम की धमकी मिली। इसके बाद विमान को रास्ता बदलकर वियना में उतारा गया। बुखारेस्ट जा रही विज एयर की एक दूसरी फ्लाइट को भी धमकी मिली, लेकिन वह सुरक्षित उतर गई।

पोलैंड की एयरलाइन छडळ की वॉरसॉ से ब्रसेल्स जा रही फ्लाइट को भी सुरक्षा संबंधी चेतावनी मिली। ब्रसेल्स में उतरने के बाद विमान की जांच की गई, लेकिन उसमें कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला

### बुल्गारिया और चेक गणराज्य की फ्लाइट्स को भी धमकी

बुल्गारिया की राजधानी सोफिया जा रही रयानएयर की तीन फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली। इनमें से दो विमान डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और स्पेन की राजधानी मैड्रिड से आ रहे थे। दोनों सोफिया एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरे। वहीं, लंदन से आ रहे तीसरे विमान को बुल्गारिया के दूसरे सबसे बड़े शहर प्लोवदिव में उतारा गया। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग जा रही चार फ्लाइट्स को भी धमकियां मिलीं। पुलिस के मुताबिक, चारों विमान सुरक्षित उतरे और जांच में कोई विस्फोटक या संदिग्ध डिवाइस नहीं मिला।

# पीओके में पाकिस्तानी सेना की फायरिंग, 7 की मौत

### मशीनगन और ड्रोन से प्रदर्शनकारियों पर हमला किया; मरने वालों में बच्चे भी शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रावलकोट

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट में गुरुवार को प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने फायरिंग की है। इसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं।

यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भारी मशीनगनों और ड्रोन से हमला किया। घटना को लेकर अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने मटियालमेरा बस टर्मिनल, उमर फारूक चौक और रावलकोट की दूसरी जगहों पर चल रहे धरनों पर कार्रवाई की। पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी के



साथ ड्रोन से हमले भी किए। इस दौरान भारी मशीनगनों और बख्तरबंद गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। 7 जून से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को 7 लोगों की मौत के बाद इस आंदोलन में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 153 हो गई है। आंदोलन की शुरूआत स्थानीय लोगों के राजनीतिक अधिकारों और आर्थिक समस्याओं को लेकर हुई थी। अब प्रदर्शनकारी पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की वापसी और अपने नेताओं पर दर्ज मामलों को खत्म करने की मांग भी कर रहे हैं।

### विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों का विवाद

विधानसभा में कुल 53 सीटें हैं। इनमें से 12 सीटें पाकिस्तान में रहने वाले कश्मीर मूल के लोगों के लिए आरक्षित हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इन सीटों के जरिए पाकिस्तान की सरकार ढङ्कड की राजनीति में दखल देती है। उनका कहना है कि इन सीटों पर स्थानीय लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं होता। 7 जून को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह विवाद और बढ़ गया। अदालत ने कहा था कि इन सीटों को संवैधानिक बदलाव के बिना खत्म नहीं किया जा सकता। मंगला डैम से बड़ी मात्रा में बिजली बनाई जाती है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें बिजली महंगे दामों पर मिलती है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि डैम से बनने वाली बिजली स्थानीय लोगों को कम कीमत पर दी जाए।

# मस्क ने रिपब्लिकन्स के समर्थन वाले पोस्ट डिलीट किए

### ट्रम्प की पार्टी के प्रचार में 4,400 करोड़ खर्चे, हार के बाद एलन की नेट-वर्थ 2.8 लाख करोड़ घटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

चुनाव में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी हार के अरबपति एलन मस्क ने रिपब्लिकन समर्थन वाले सोशल मीडिया पोस्ट डिलिट किए। मस्क ने मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवारों के समर्थन पर कम से कम 458 मिलियन डॉलर यानी करीब 4,400 करोड़ रुपए खर्च किए थे। चुनावी के बाद मस्क की संपत्ति को भी नुकसान हुआ। फाइनेंशियल टाइम्स ने अनुमान लगाया कि उनकी संपत्ति अब करीब 2.8 लाख करोड़ कम हो गई है मस्क ने मंगलवार को मिडटर्म चुनाव पर सीधे तौर पर बहुत कम बातें की थीं। हालांकि, बुधवार सुबह उन्होंने चुनाव नतीजों का विश्लेषण करने वाले कई पोस्ट शेयर किए।

### चुनाव लड़ने के लिए रिकॉर्ड पैसा, ट्रम्प को रोक नहीं पाए इसलिए हारे

# रिपब्लिकन पार्टी की 50 साल में सबसे बड़ी हार: सरकार अपनी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

रिपब्लिकन पार्टी के करीब 25 चुनावी रणनीतिकार एक वीडियो कॉल पर जुड़े थे। बातचीत की शुरूआत ही साइनाइड (जहर) की गोली से हुई। पार्टी के लिए चुनावी सर्वे करने वाले टोनी फैब्रिजियो ने पूछा, "आप पहले सफेद गोली (अच्छी खबर) लेना चाहेंगे या काली (बुरी खबर)?"

इसके बाद रिपब्लिकन पार्टी के बड़े डेटा सलाहकारों में से एक टिम सेलर ने चुनाव के दो संभावित नतीजे बताए। पहला ये कि पार्टी के प्रचार के लिए जुटाए गए 40 करोड़ डॉलर का फंड सही वोटर्स तक पहुंच रहा है और लोग वोट देने भी आ रहे हैं।

दूसरा नतीजा पार्टी की करारी हार को लेकर था। पार्टी की चुनावी कमान संभाल रहे जेम्स ब्लेयर ने हंसते हुए कहा, "मैंने अपने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। मेरा सुझाव है कि आप सब भी ऐसा ही करें।" उनकी बात सुनकर बाकी लोग हंसने



लगे। करीब 30 मिनट तक कॉल पर ऐसे ही निराशा भरे मजाक चलते रहे। इसमें जेल का खाना खाने, राष्ट्रपति से माफी मिलने और देश छोड़कर भागने की बातें भी हुईं।

नेतन्याहू का जिक्र करते हुए ब्लेयर ने तंज में कहा, कम से कम बीबी जीत गए। वह हमारी रक्षा करेंगे।" इस पर फैब्रिजियो ने कहा, "हां शायद हमें इजराइल में शरण मिल सकती है।

एक साल पहले किसी को अंदाजा नहीं होगा कि रिपब्लिकन पार्टी की इतनी बड़ी हार होगी। पार्टी के पास चुनाव लड़ने के लिए रिकॉर्ड पैसा था। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क का साथ था। उन्होंने इस चुनाव में राष्ट्रपति चुनाव से भी ज्यादा पैसा लुटाया।

सीनेट चुनाव में भी रिपब्लिकन पार्टी की स्थिति मजबूत थी। चुनावी समीकरण ऐसे थे कि डेमोक्रेट्स को उन राज्यों में मुकाबला करना पड़ रहा था, जहां वे दशकों से नहीं जीते थे।

हाउस चुनाव में ट्रम्प ने अपना बहुमत बढ़ाने के लिए एक और दांव चला। अमेरिका में आमतौर पर हर 10 साल में चुनावी क्षेत्रों की सीमाएं बदली जाती हैं। लेकिन ट्रम्प की टीम ने इस परंपरा को तोड़ते हुए बीच दशक में ही सीमाएं बदलने की कोशिश की। मकसद था ऐसे नए चुनावी क्षेत्र बनाना, जहां रिपब्लिकन उम्मीदवारों की जीत आसान हो जाए। इन तमाम कोशिशों के बावजूद रिपब्लिकन पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इसे पिछले 50 साल में पार्टी की सबसे बड़ी चुनावी हार में से एक माना जा रहा है। इसकी तुलना 1974 के चुनाव से की जा रही है। उस समय वाटरगेट कांड के बाद रिपब्लिकन पार्टी ने प्रतिनिधि सभा की 48 और सीनेट की 4 सीटें गंवाई थीं।

इस बार रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट की 7 सीटें गंवाई हैं। चुनाव से पहले सीनेट में उसके 53 सदस्य थे, जो घटकर 44 रह गए हैं। (2 सीटों पर गिनती जारी है)। वहीं, हाउस में भी पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है। शुरूआती नतीजों में वह करीब 25 सीटें गंवाती दिख रही थी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक 45 सीटों पर मतगणना जारी थी।

### ईरान के खिलाफ जंग शुरू कर ट्रम्प ने अपना ही वादा तोड़ा

चुनाव के नतीजे आने से पहले ही ट्रम्प सोचने लगे थे कि अगर कुछ फैसले नहीं लिए गए होते तो क्या होता। उनसे बातचीत करने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक, ट्रम्प ने पूछा भी था, "अगर हम ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू ही नहीं करते, तो मिडटर्म चुनाव में क्या होता?"

■ वर्ष-13 अंक-04 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**नारुन्तुदः स्यान्न नृशंसवादी न हीनतः परमभ्याददीत।**
**ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम्॥**

**भावार्थ** : दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करे, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोले।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 06 नवम्बर, 2026

**वाक्सायका वदनान्निष्पतन्ति यैराहतः शोचन्ति रात्र्यहानि।**
**परस्य नाममर्मसु ते पतन्ति तान् पण्डितो नावसृजेत परेषु॥**

**भावार्थ** : कठोर वचन रूपी बाण दुर्जन लोगों के मुख से निकलते ही हैं और उनसे आहत होकर अन्य जन रातदिन शोक एवं चिंता के घिर जाते हैं। स्मरण रहे कि ये वाग्वाण दूसरे के अमर्म यानी संवेदनाशून्य अंग पर नहीं गिरते, अतः समझदार व्यक्ति ऐसे वचन दूसरों के प्रति न बोले।

## सम्पादकीयम्

### प्रवर्तने संकोचम् अनुभवितुं शक्नुवन्ति

गहनः प्रभावः : यदि संकायसदस्याः व्यक्तिगतकानूनीप्रतिकूलतायाः भयं अनुभवन्ति तर्हि भविष्ये नियमानाम् प्रवर्तने संकोचम् अनुभवितुं शक्नुवन्ति। ते लघु उल्लङ्घनानि उपेक्षितुं वा मूल्याङ्कनेषु अतिशयेन नम्रतां वा कर्तुं शक्नुवन्ति। कालान्तरे एतेन प्रदत्तानां उपाधिनां गुणवत्तायाः क्षयः अनिवार्यतया भविष्यति। अन्ते छात्राः एव-ये सफलतां प्राप्तुं स्वस्य योग्यतायाः अवलम्बनं कर्तव्यम्-ये सर्वाधिकं दुःखं प्राप्नुयुः। उत्तरदायित्वं अत्यावश्यकम्: तथापि संस्थागतस्वायत्तता संस्थां संवीक्षणात् उपरि न स्थापयति। एकस्मिन् वर्षे बम्बई-विद्यालये चतुर्णां छात्राणां मृत्युः स्वयमेव संस्थागतविफलता एव। यः छात्रः स्वमण्डले शीर्षस्थानं प्राप्तवान् स्यात् सः अचानकं इत्यत्र ३०० जनानां समूहे २८७ तमे स्थाने भवितुं शक्नोति, अपारं मानसिकं शैक्षणिकं च दबावं सम्मुखीभवति। तथापि अस्माकं वर्तमानव्यवस्था एतादृशानां छात्राणां एतेषु कठिनचरणेषु मार्गदर्शनाय पर्याप्तं समर्थनं दातुं असफलं भवति। अधिकांशेषु प्रतिष्ठितपरिसरेषु छात्राणां संख्यायाः सापेक्षतया परामर्शसुविधाः भृशं अपर्याप्ताः भवन्ति। भारतीयसंस्थानां व्यवस्थासु उल्लङ्घनानि; एआइ इत्यस्य मनमाना उपयोगः। इदमपि पठन्तु : भारतीयसंस्थानां व्यवस्थासु उल्लङ्घनानि; एआइ इत्यस्य मनमाना उपयोगः। आलोचना अत्यावश्यकी अस्ति। यदि प्रत्येकस्य विवादस्य पूर्वनिर्धारितप्रतिसादः अधिकाधिकं पुलिस-मार्गस्तरीय-आन्दोलनं भवति तर्हि एतेषु संस्थानां अन्तः दुर्बल-आन्तरिक-तन्त्राणां कारणेन तस्य कारणम् अस्ति यदा शिकायतां समये पारदर्शकरूपेण।

### उत्तरकाशीनगरे केदारतालयात्रायां हिमस्खलनं

# ८ पदयात्रिकाः हिमयुक्ते भूभागे फसन्ति उद्धारकार्यं प्रचलति, सदस्याः-त्रयः पोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उत्तरकाशी



उत्तरकाशी- केदारताल-पदयात्रायां विशालः, आकस्मिकः हिमस्खलनः-उत्तरखण्डस्य उच्च-उच्चतायां हिमालयीयक्षेत्रे स्थितः-पदयात्रिकाणां समूहस्य कृते गम्भीरः स्थितिः निर्मितवती अस्ति। भोजखडकतः परं तीव्रहिमस्खलनस्य, हिमशैलस्य च पतनस्य अनन्तरं अष्टौ व्यक्तिः-येषु सप्त पदयात्रिकाः एकः सहायककर्मचारिणः च सन्ति-हिम-आच्छादित-भूभागे फसन्ति सौभाग्येन समूहस्य अन्ये चत्वारः सदस्याः-त्रयः पोर्ट, एकः पाककर्त्ता च-कच्छीधाङ्गस्य समीपे स्थिताः सन्ति, ते च पूर्णतया सुरक्षिताः सन्ति। मेघगर्जनस्य, उष्ट्र-पर्वत-भूभागस्य च मध्ये अटन्तः अवशिष्टाः अष्टजनाः सुरक्षितरूपेण निष्कासयितुं शनिवासरस्य प्रातःकालादेव बृहत्-परिमाणेन, समन्वितं उद्धार-कार्यक्रमं प्रचलति।

गङ्गोत्रीतः प्रस्थितवान् मार्गः प्रचण्डहिमपातेन अवरुद्धः जिला आपत्कालीन परिचालन केन्द्रस्य आधिकारिकसूचनानुसारं १३ सदस्यीयः दलः-सप्तपदयात्रिकाः षट् सहायककर्मचारिणः च सन्ति-गङ्गोत्रीधामतः केदारतालपदयात्रायै प्रस्थितः। तथापि समूहस्य पर्यन्तं पुनरागमनं निर्धारितम् आसीत् तथापि उच्चैः ऊर्ध्वतायां मौसमे आकस्मिकपरिवर्तनं, तीव्रहिमपातः, मार्गे हिमशैलस्य परिवर्तनं च सम्पूर्णं पदयात्रामार्गं अवरुद्धवान्, यथानियोजितं आधारशिबिरं प्राप्तुं समूहं निवारयन्। सम्पर्कः स्थापितः; शनिवासरे बृहत्परिमाणेन उद्धारकार्यक्रमः आरब्धः

समूहस्य यथानिर्धारितं पुनरागमनं न कृत्वा तदनन्तरं सम्पर्कस्य हानिः अभवत् इति अनन्तरं प्रशासनेन अन्वेषणप्रयत्नाः तीव्राः अभवन्। अक्टोबर-मासस्य पदयात्रा-संस्थायाः उपग्रह-फोन-माध्यमेन समूहेन सह संक्षिप्त-सञ्चारः स्थापितः; ते 'कच्छी धङ्ग' इत्यस्य समीपे सुरक्षिताः इति निवेदितवन्तः, आपत्कालीनसहायतां च याचितवन्तः। फलतः शनिवासरे प्रातःकाले संयुक्त-उद्धारदलानि-नियोजिताः- येषु राष्ट्रिय-आपदा-प्रतिक्रिया-बलस्य, राज्य-आपदा-प्रतिक्रिया-बलस्य, वन-विभागस्य, पदयात्रा-संस्थायाः विशेषज्ञ-पर्वतारोहिणां च कर्मचारिणः आसन्-

अत्यन्तं दुर्गमक्षेत्रे आव्हानानि; विमानयानस्य सज्जता प्रचलति केदारतालप्रदेशः महत्त्वपूर्णे ऊर्ध्वतायां स्थितः अस्ति, तथा च तापमानं हिमपातात् न्यूनं भवति, भूमौ आधारिताः उद्धारदलाः अग्रे गन्तुं प्रमुखाः कष्टानि अनुभवन्ति संकीर्णाः, हिमयुक्ताः मार्गाः, निरन्तरहिमपातः च भवन्ति इति चुनौतीं दृष्ट्वा प्रशासनेन भारतीयवायुसेनायाः अथवा नागरिकविमानविभागात् हेलिकॉप्टराणां सुरक्षायाः प्रक्रिया आरब्धा अस्ति योजना अस्ति यत् मौसमस्य स्वच्छतायाः शीघ्रमेव विमानसर्वक्षणं कृत्वा सर्वान् अटन्तः पदयात्रिकान् सुरक्षितस्थानं प्रति विमानयानेन वाहयितुम्, येन कस्यापि अप्रियपरिस्थितेः उत्पत्तेः पूर्वं तेषां सुरक्षितरूपेण बहिः आनयनं सुनिश्चितं करणीयम्।

### सारा अली खानस्य

## केदारनाथयात्रायाः विषये मौलाना इत्यस्याः वचनम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

बालिवुड् अभिनेत्री सारा अली खानस्य केदारनाथमन्दिरस्य भ्रमणस्य अनन्तरं धार्मिकविमर्शः प्रवृत्तः, यत्र सा प्रार्थनां कृतवती। अखिलभारतीयमुस्लिम जमातस्य राष्ट्रियाध्यक्षः मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवीबरेल्वी इत्यनेन अभिनेत्रीयाः भ्रमणं इस्लामिकशरीयतविरुद्धं इति लेबलं कृत्वा प्रश्नः कृतः। सः सारा अली खानं स्वकर्मणां पश्चात्तापं कृत्वा अल्लाहस्य क्षमायाचनां कर्तुं सल्लाहं दत्तवान् अस्ति। मौलाना-महोदयस्य एतत् वचनं धार्मिक-आस्थां, व्यक्तिगत-स्वतन्त्रतां च परितः चर्चाः तीव्राः अभवन्। परन्तु एतत् वक्तव्यं न्यायालयस्य निर्णयं वा विधिना आज्ञापितं दण्डं वा न अपितु मौलानस्य स्वस्य धार्मिकव्याख्यां मतं च प्रतिबिम्बयति।

केदारनाथ मन्दिरे प्रार्थना अर्पित करने पर उत्थापित प्रश्न मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेल्वी इत्यस्य मते केचन मुस्लिमयुवकाः तम् पृष्टवन्तः यत् शरीयत-अन्तर्गतं मुस्लिम-महिलायाः प्रार्थनां कर्तुं मन्दिरं गत्वा अन्यधर्मस्य संस्कारेषु भागं ग्रहीतुं वा अनुमतम् अस्ति वा इति। अस्य प्रश्नस्य प्रतिक्रियारूपेण सः स्वस्य दृष्टिकोणं साझां कृतवान्। मौलाना प्रतिपादयति यत् तस्य धार्मिकव्याख्यायाः अनुसारं मुस्लिमपुरुषाणां महिलानां वा अन्यधर्मस्य धार्मिकस्थलेषु भ्रमणं, स्वसंस्कारं स्वीकुर्वितुं।

## अग्रिमस्य वपनऋतुस्य सज्जीकरणस्य च तत्कालं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

कृषकाः क्षतिमूल्यांकनं राहतं च प्रति पश्यन्ति बिहार-झारखण्डयोः निरन्तरवृष्ट्या उत्पन्ना स्थितिः पुनः एकवारं अप्रत्याशितमौसमस्य प्रति कृषिस्य दुर्बलतां प्रकाशितवती अस्ति। अधुना कृषकाः स्वक्षेत्रेभ्यः अवशिष्टसस्यानां उद्धारस्य, कटितस्य उत्पादनस्य सुरक्षितायाः, अग्रिमस्य वपनऋतुस्य सज्जीकरणस्य च तत्कालं आव्हानानां सामनां कुर्वन्ति इदानीं प्रभावितक्षेत्रेषु क्षतिस्य निष्पक्षमूल्यांकनं कृत्वा आवश्यकं राहतं दातुं दायित्वं सर्वकारः प्रशासनं च वहति। झारखण्डे क्षतिमूल्यांकनार्थं निदेशानां निर्गमनानन्तरं कृषकाः प्रतिवेदनानां सहायतायाः च प्रतीक्षां कुर्वन्ति।

## राशिफल

**मेष** : सुबह से ही काम में तेजी बनी रहेगी। जो काम पिछले कुछ दिनों से रुके हुए थे, उनमें आज आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है।

**वृषभ** : आपको थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। जल्दबाजी में लिया गया फैसला बाद में परेशानी दे सकता है।

**मिथुन** : दिन अच्छा रह सकता है। अगर आप किसी नए काम की शुरूआत करना चाहते हैं तो समय अनुकूल है।

**कर्क** : घर-परिवार की जिम्मेदारियां ज्यादा रह सकती हैं। नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है, लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**सिंह** : दिन आपके लिए राहत और सफलता दोनों लेकर आ सकता है। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। नौकरी में मेहनत का असर दिखेगा। कारोबार करने वालों को लाभ मिल सकता है।

**तुला** : मेहनत का दिन है। काम ज्यादा रहेगा, लेकिन उसका अच्छा नतीजा भी मिल सकता है। छात्रों के लिए समय ठीक है।

**वृश्चिक** : नए अवसर सामने आ सकते हैं। नौकरी में बदलाव या नई जिम्मेदारी की चर्चा हो सकती है। कारोबार में लाभ के संकेत हैं।

**धनु** : दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। कामकाज में संतुलन बना रहेगा। ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर** : दिन व्यस्त रह सकता है। काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप उसे अच्छे से संभाल लेंगे। कारोबार में लाभ मिलने के संकेत हैं।


**कुंभ** : भाग्य आपका साथ दे सकता है। लंबे समय से जिस काम के पूरे होने का इंतजार था, उसमें आज प्रगति हो सकती है।

**मीन** : राहत भरा दिन रह सकता है। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। नौकरी और कारोबार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत हैं।

### पुर्तगाल के लिए 23 साल खेले, दुनिया में सबसे ज्यादा गोल किए, वर्ल्ड कप का सपना अधूरा रहा

# रोनाल्डो का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुर्तगाल



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 41 साल के रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के इंटरनेशनल ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे। रोनाल्डो का सफर 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ शुरू हुआ था। तब वह सिर्फ 18 साल के थे। अगले 23 साल में उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 मैच खेले और सबसे ज्यादा 146 गोल किए। उनके नाम 46 असिस्ट भी दर्ज हैं। असिस्ट का मतलब है गोल करने वाले खिलाड़ी को आखिरी पास देना।

रोनाल्डो ने वीडियो में कहा कि राष्ट्रीय टीम के साथ मैदान पर मेरा सफर खत्म हो रहा है। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर उन्हें सिर्फ मैच, गोल, रिकॉर्ड और ट्रॉफियां याद नहीं आतीं, बल्कि वे लोग याद आते हैं जिन्होंने इस सफर को खास बनाया।

**6 वर्ल्ड कप में गोल करने वाले फुटबॉलर-** रोनाल्डो ने 2006 में जर्मनी में अपना पहला वर्ल्ड कप खेला था। इसके बाद वह 2010, 2014, 2018, 2022 और 2026 के टूर्नामेंट में भी पुर्तगाल की टीम का हिस्सा रहे। इस तरह उन्होंने लगातार 6 वर्ल्ड कप खेले। वह छह अलग-अलग वर्ल्ड कप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बने। इन टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 27 मैच खेले और 11 गोल किए। 2026 में उज्बेकिस्तान के खिलाफ गोल करके उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि, उनका वर्ल्ड कप जीतने का सपना अधूरा ही रह गया। टीम का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2006 में रहा, जब वह सेमीफाइनल तक पहुंची और चौथे स्थान पर रही।

**2016 में पहली बार पुर्तगाल को यूरो चैंपियन बनाया-** रोनाल्डो के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2016 का यूरो कप खिताब शामिल है। यूरो कप यूरोप की राष्ट्रीय फुटबॉल टीमों के बीच होने वाला सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। पुर्तगाल ने फाइनल में फ्रांस को 1-0 से हराकर पहली बार यह ट्रॉफी जीती थी। उनकी कप्तानी में पुर्तगाल ने 2019 और 2025 में वएन्रक्ष नेशंस लीग का खिताब भी जीता। नेशंस लीग यूरोप की राष्ट्रीय टीमों के बीच खेली जाने वाली प्रतियोगिता है।

**संन्यास से पहले कोच के साथ विवाद भी हुआ-** रोनाल्डो के इस फैसले से कुछ हफ्ते पहले पुर्तगाल की टीम में विवाद सामने आया था। सितंबर में वह ट्रेनिंग कैंप छोड़कर चले गए थे। इसकी वजह कोच जॉर्ज जीसस के साथ खेलने के समय को लेकर मतभेद बताया गया।

### रोनाल्डो के टॉप-5 गोल

1. **बाइसिकल किक:** रियल मैड्रिड की ओर से चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में रोनाल्डो ने बाइसिकल किक लगाई।
2. **40 यार्ड से गोल:** मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में रोनाल्डो ने करीब 40 यार्ड की दूरी से गोल किया।
3. **नकल बॉल फ्री-किक :** रोनाल्डो ने 30 यार्ड से ज्यादा दूरी से फ्री-किक लगाई। गेंद हवा में तेजी से घूमती हुई गोलपोस्ट में पहुंची।
4. **स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनट की फ्री-किक:** फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मुकाबले में रोनाल्डो ने मैच के आखिरी समय में फ्री-किक से गोल किया। इस गोल के साथ उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की और पुर्तगाल को स्पेन के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ दिलाया।
5. **सुपरमैन हेडर बनाम सैम्पडोरिया (2019):** जुवेंटस की ओर से सीरी-अ मुकाबले में रोनाल्डो ने करीब 2.56 मीटर की ऊंचाई तक छलांग लगाकर हेडर से गोल किया। उनकी इस छलांग और हेडर को देखकर इसे 'सुपरमैन हेडर' कहा गया।

## ज्योतिष/वास्तु

### गोवर्धन पूजा 9 या 10 नवंबर को

# कब मनाई जाएगी गोवर्धन पूजा? जानिए सही तारीख, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

हिंदू धर्म में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। आइए जानते हैं कि इस बार यह पर्व 9 या 10 नवंबर कब मनाया जाएगा।

दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था और प्रकृति के सम्मान का प्रतीक है। इस दिन घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई जाती है और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा होती है। इस दिन भक्त अन्नकूट तैयार करते हैं और भगवान को भोग लगाते हैं। लेकिन 2026 में गोवर्धन पूजा की तारीख को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। आइए जानते हैं कि 9 या 10 नवबंर कब है गोवर्धन पूजा।

**कब मनाई जाएगी गोवर्धन पूजा-** पंचांग के मुताबिक, गोवर्धन पूजा हर साल कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि होती है। साल 2026 में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तिथि 9 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी और 10 नवंबर को दोपहर 2 बजे समाप्त हो जाएगी। उदया तिथि के आधार पर गोवर्धन पूजा 10 नवंबर 2026, मंगलवार को मनाई जाएगी।

इस दिन भगवान श्रीकृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा करने की मान्यता है। गोवर्धन पूजा को अन्नकूट पर्व भी कहा जाता है। इस दिन मंदिरों और घरों में कई तरह के पकवान बनाए जाते हैं और भगवान कृष्ण को भोग लगाया जाता है।

गोवर्धन पूजा के दिन पूजा के लिए सुबह के समय का विशेष महत्व है। पंचांग के अनुसार, शुभ मुहूर्त इस प्रकार है।

गोवर्धन पूजा की तारीख-10 नवंबर 2026, मंगलवार, प्रतिपदा तिथि की शुरूआत- 9 नवंबर, दोपहर 12:31 बजे, प्रतिपदा तिथि समाप्त- 10 नवंबर, दोपहर 2:00 बजे, प्रातःकाल पूजा का मुहूर्त- सुबह 6:40 बजे से 8:50 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त- सुबह 11:43 बजे से दोपहर 12:26 बजे तक, गोधूलि मुहूर्तः शाम 5:30 बजे से 5:56 बजे तक, यह ध्यान रखें कि पूजा के मुहूर्त में स्थानीय सूर्योदय और पंचांग के मुताबिक, अंतर हो सकता है। इसलिए अपने शहर के समय के मुताबिक पूजा करें।

**क्यों मनाई जाती है गोवर्धन पूजा-** पौराणिक कथा के मुताबिक, द्वापर युग में ब्रजवासी देवराज इंद्र की पूजा करते थे, ताकि अच्छी बारिश हो और फसल अच्छी हो। भगवान श्रीकृष्ण ने लोगों को समझाते हुए कहा



कि जीवन और आजीविका के लिए गोवर्धन पर्वत, प्रकृति और गायों का विशेष योगदान है, जिसके बाद ब्रजवासियों ने इंद्र की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इससे इंद्र देव नाराज हो गए और भयानक बारिश शुरू कर दी। बारिश से लोगों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया। पर्वत के नीचे ब्रजवासियों और उनके पशुओं ने शरण ली। सात दिनों लगातार बारिश के बाद इंद्र देव को गलती को अहसास हुआ और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा मांग की। इसी घटना की याद में गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है।

**गोवर्धन पूजा की विधि -** गोवर्धन पूजा के दिन सुबह जल्दी उठना चाहिए। फिर स्नान करें, साफ कपड़े पहनें। घर के आंगन या पूजा स्थल पर गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बना लें, जिसे फूलों, रोली और अक्षत से सजाएं। भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें और देसी घी के दीपक जलाएं। भगवान को फल, फूल, मिठाई और पकवान अर्पित करें और विधि-विधान से गोवर्धन पर्वत की पूजा करें। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण का स्मरण करें। गोवर्धन पर्वत की सात बार परिक्रमा करने की धार्मिक मान्यता है। परंपरा है कि परिक्रमा करते समय जल लेकर चलना चाहिए।

**क्या है अन्नकूट का महत्व-** गोवर्धन पूजा के दिन अन्नकूट बनाया जाता है। इसका भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाया है। यह एक विशेष परंपरा है, जिसका काफी महत्व है। कई तरह के अनाज और पकवानों को मिलाकर अन्नकूट बनाया जाता है। घरों और मंदिरों में मौसमी सब्जियों, अनाज, मिठाइयों और अन्य व्यंजनों से भोग तैयार करते हैं। कई ऐसे मंदिर हैं, जहां भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाते हैं। मान्यता है कि अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और कभी भी अन्न की कमी नहीं होती।

# भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से हराया

### एसएएफएफ चैम्पियनशिप में सुहैल अहमद भट्ट ने 2 गोल किए, सिर्फ 17 खिलाड़ियों के साथ उतरी टीम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका



डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में खेले जा रहे एसएएफएफ फुटबॉल चैम्पियनशिप में जीत के साथ शुरूआत की है। गुरुवार को ग्रुप-बी के मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 3-2 से हराया। भारत के लिए सुहैल अहमद भट्ट ने दो और मगलेंथांग किपगेन ने एक गोल किया। हाफ टाइम तक भारत 3-0 से आगे था।

पाकिस्तान ने इंजरी टाइम में दो गोल करके स्कोर 3-2 कर दिया, लेकिन बराबरी नहीं कर सका। भारत के हेड कोच नौशाद मूसा के पास इस मुकाबले के लिए सिर्फ 17 खिलाड़ी उपलब्ध थे। इंडियन सुपर लीग के क्लबों ने अभी अपने कुछ खिलाड़ियों को रिलीज नहीं किया है।

**पहले हाफ में भारत ने 3 गोल किए-** भारत ने मैच की शुरूआत से ही बढ़त बना ली। सुहैल अहमद भट्ट ने 13वें मिनट में गोल करके टीम को 1-0 से आगे किया। इसके 6 मिनट बाद 19वें मिनट में उन्होंने दूसरा गोल दागा। 31वें मिनट में मगलेंथांग किपगेन ने भारत के लिए तीसरा गोल किया। इस तरह भारतीय टीम ने पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली।

**इंजरी टाइम में पाकिस्तान ने 2 गोल किए-** दूसरे हाफ के निर्धारित 45 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ। हालांकि, इंजरी टाइम में पाकिस्तान ने दो गोल किए। नजीब उल्लाह ने 90+1वें मिनट में पाकिस्तान का पहला गोल किया। इसके बाद आलमगीर गाजी ने 90+4वें मिनट में दूसरा गोल दागा। पाकिस्तान ने स्कोर 3-2 कर दिया, लेकिन भारत ने अपनी बढ़त बनाए रखी और मुकाबला जीत लिया।

### फीफा विंडो के बाहर मैच होने से सिर्फ 17 खिलाड़ी उपलब्ध थे

भारत के हेड कोच नौशाद मूसा के पास पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए सिर्फ 17 खिलाड़ी थे। इसकी वजह टूर्नामेंट का फीफा इंटरनेशनल मैच विंडो के बाहर होना है। फीफा की अगली इंटरनेशनल विंडो 9 से 17 नवंबर तक है। इस कारण आईएसएल क्लबों ने अपने कुछ खिलाड़ियों को अब तक भारतीय टीम के लिए रिलीज नहीं किया है।

**11 नवंबर को मालदीव से खेलेगा भारत-** भारतीय टीम का अगला मुकाबला 11 नवंबर को मालदीव से होगा। तब तक फीफा की इंटरनेशनल विंडो शुरू हो जाएगी। ऐसे में उम्मीद है कि कुछ क्लब बाकी खिलाड़ियों को भी रिलीज कर देंगे। भारत ने पाकिस्तान को हराकर ग्रुप-बी में अपने अभियान की शुरूआत 3 अंक के साथ की है।

## तन्वी यूथ ओलंपिक्स में बैडमिंटन सिल्वर जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डकार

सेनेगल के डकार में खेले जा रहे यूथ ओलंपिक गेम्स में भारत की 15 साल की तन्वी पत्री ने बैडमिंटन महिला सिंगल्स में सिल्वर मेडल जीता है। वे इस इवेंट में सिल्वर जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। गुरुवार को खेले गए फाइनल में तन्वी को चीन की मौजूदा वर्ल्ड जूनियर चैंपियन झांग यी शिन ने 21-15, 13-21, 24-26 से हराया। 1 घंटे 22 मिनट चले मुकाबले में तन्वी ने 5 मैच प्वाइंट बचाए और 3 बार गोल्ड जीतने के करीब पहुंचीं। शुरूआत में तन्वी ने लय हासिल करने में थोड़ा समय लिया। वे एक समय 3-5 से पिछड़ रही थीं। इसके बाद उन्होंने लगातार 7 पॉइंट जीतकर 10-5 की बढ़त बना ली। पंच टॉस और नेट पर शानदार खेल के दम पर तन्वी ने 25 मिनट में पहला गेम 21-15 से जीत लिया। तन्वी ने दूसरे गेम की शुरूआत भी अच्छी की और 4-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, कोर्ट पर हवा के बहाव (ड्रिफ्ट) के कारण उनके शॉट्स पर कंट्रोल प्रभावित हुआ। मिड-गेम इंटरवल के बाद झांग ने खेल पर पकड़ बनाई और 21-13 से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया।

## खबर एक नजर...

### ढाबारोड पर किराना दुकानों पर दबिश, पटाखे बरामद

**उज्जैन।** अवैध पटाखा कारोबार करने वालों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को खाराकुआ थाना पुलिस ने खत्रीवाड़ा में दो किराना दुकान से अवैध पटाखे बरामद किये। पुलिस के दोनों दुकान संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार एक दुकान संचालक हरि पिता रामचंद्र गुप्ता और दूसरा अरविंद पिता जगदीश से 20 हजार से अधिक के पटाखे मिले है। दोनों बिना लायसेंस रहवासी क्षेत्र में पटाखे बेच रहे थे। विदित हो कि कुछ दिन पहले नीलगंगा थाना पुलिस ने शास्त्री नगर में दबिश देकर एक मकान से 10 लाख से अधिक के अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया था। अवैध पटाखों के मामले में माधवनगर, बड़नगर पुलिस भी कार्रवाई कर चुकी है।

### आधे घंटे चले इलाज के बाद युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** जहरीला पदार्थ खाने के बाद उन्हेल से मुकेश पिता दामोदर जोशी 35 साल का उपचार के लिये गुरूवार दोपहर उज्जैन लाया गया था। चरक अस्पताल में आधा घंटा चले उपचार के बाद मुकेश की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मुकेश प्रायवेट काम करता था, संभवतः उसने आर्थिक परेशानी और पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाया था। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम उन्हेल का होने पर जांच के लिये मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### स्टेशन पर मिले सीहोर से लापता बालक-बालिका

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर प्रतिदिन सर्चिंग अभियान चलाया जाता है। गुरूवार को सर्चिंग के दौरान प्लेटफार्म नम्बर 1 पर कम उम्र के बालक-बालिका बैठे दिखाई दिये। उनके साथ कोई नहीं था। दोनों से पूछताछ करने पर उन्होने सीहोर का होना बताया। बालक 17 वर्ष और बालिका 15 वर्ष की थी। दोनों को थाने लाया गया और सीहोर पुलिस से संपर्क कर उनके माता-पिता की जानकारी मांगी। इस दौरान पता चला कि बालिका के अपहृत होने की शिकायत दर्ज है। दोनों के मिलने की सूचना से सीहोर पुलिस को अवगत कराया गया। दोपहर में सीहोर पुलिस बालिका के परिजनों के साथ उज्जैन पहुंचे। दोनों बालक-बालिका को उनके सुपुर्द किया गया है। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि एक मामले में बिहार निवासी 18 वर्षीय युवक-युवती को भी रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया था। दोनों के परिजनों को सूचना दी गई और उनके आने पर सुपुर्द किया गया है।

### खाते में पैसे नहीं आने पर पंचायत सचिव को धमकी

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी पंचायत के सहायक सचिव गोपाल पिता भैरूलाल खिंची 55 साल के साथ गांव के रहने वाले अंतरसिंह पिता लालसिंह द्वारा गाली-गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई और शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। सहायक सचिव की शिकायत पर पुलिस ने अंतरसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सहायक सचिव ने शिकायत में बताया कि अंतरसिंह ने प्रधानमंत्री आवास में पिता के नाम का फार्म जमा किया था। नाम अब तक सूची में नहीं आया है। इसी बात को लेकर अंतरसिंह पंचायत भवन आया था और खाते में पैसे नहीं आने की बात कहकर गाली-गलौच करने लगा था। सूची में नाम आने के बाद ही खाते में पैसे में आने की बात कहीं तो उसके द्वारा झूमाझटकी की धमकी दी गई।

### मामूली बात पर पड़ोसियों के बीच चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र की ठक्कर कालोनी में रहने वाले पवन पिता नारायण गौसर 35 साल और पड़ोसी ऋषि पिता कैलाश सतपाडिया 30 साल के बीच मामूली बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। दोनों एक-दूसरे पर लात-घूंसे चलकर टूट पड़े। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर ऋषि का कहना था कि घर के बाहर रखे पतरे ठोकने की बात पर आरोपियों ने मारपीट की। वहीं पवन का आरोप था कि रास्ते में रखे पतरे से टकराने पर आरोपी द्वारा विवाद किया गया। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### बस चालक के खिलाफ 8 दिन बाद प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के इंदौर बायपास मार्ग पर होटल राजमहल के पास 26 अक्टूबर को हुई दुर्घटना में बस चालक द्वारा बाइक पर सवार धीरेन्द्र पिता सुरेश गुर्जर 35 साल, हीरल गुर्जर 11 साल और लाहूरबाई पति धीरेन्द्र गुर्जर निवासी धरमबड़ला को टक्कर मार दी थी। तीनों घायल हो गये थे। 8 दिन बाद मामला पुलिस के पास पहुंचने पर धीरेन्द्र ने बताया कि वह उपचार के लिये बच्चे और पत्नी के साथ अस्पताल चला गया था। जहां से छुट्टी मिलने पर शिकायत दर्ज कराने आया है। पुलिस ने लाल बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दुर्घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों से तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 390-2 | 257-4 |
| मेन बाजार | 557-7 | 788-3 |
| मिलन डे | 447-5 | 146-1 |
| मिलन नाइट | 170-8 | 478-9 |

6 7 8

### बाबा महाकाल के दरबार में सबसे पहले दीपावली, फूलझड़ी जलाकर हुई पर्व की शुरूआत

# संध्या आरती में गर्भगृह में जलाई फूलझड़ी, पटाखों व आतिशबाजी पर प्रतिबंध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी उज्जैन में दीपावली पर्व की शुरूआत भगवान महाकाल के दरबार से हुई। गुरुवार को संध्या आरती के दौरान गर्भगृह में भगवान महाकाल के समक्ष फूलझड़ी जलाकर दीपोत्सव की शुरूआत की गई। वहीं, आज शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजन-अभिषेक होगा।

महाकाल मंदिर में त्योहार सबसे पहले मनाने की परंपरा है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए धनतेरस से एक दिन पहले गुरुवार को पुजारियों ने संध्या आरती के दौरान गर्भगृह में फूलझड़ी जलाकर दीपावली पर्व की शुरूआत की गई । शुक्रवार को मंदिर के पुरोहित भगवान महाकाल के साथ धन कुबेर और चांदी के सिक्कों का पूजन-अभिषेक करेंगे। इस दौरान भगवान को चांदी का सिक्का भी अर्पित किया जाएगा।

दीपावली के दिन भगवान महाकाल की चारों आरतियों में फूलझड़ी जलाने की परंपरा निभाई जाएगी। इसमें सुबह होने वाली भस्म आरती, अभ्यंग स्नान के बाद की आरती, संध्या आरती और शयन आरती शामिल हैं। प्रत्येक आरती में एक-एक फूलझड़ी जलाई जाएगी।

**मंदिर परिसर में आतिशबाजी पर प्रतिबंध-** दीपावली पर सुरक्षा और धार्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत गर्भगृह, कोटितीर्थ कुंड, मंदिर परिसर और श्री महाकाल महालोक क्षेत्र में पटाखे फोड़ने और आतिशबाजी करने पर प्रतिबंध रहेगा। इन क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थ, अनार, फूलझड़ी सहित अन्य आतिशबाजी सामग्री ले जाने और उनका उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है।

#### महाकाल की सभी आरती में केवल एक फूलझडी जलाई जाएगी

दिनांक 08 नवम्बर 2026 को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में भगवान श्री महाकालेश्वर जी की आरती-पूजन के दौरान प्रत्येक आरती – प्रातः भस्म आरती, अभ्यंग स्नान के पश्चात आरती, संध्या आरती एवं शयन आरती में पूजा-अर्चना के अभिन्न भाग के रूप में केवल एक फूलझड़ी जलाई जाएगी। यह प्रक्रिया मंदिर की पारंपरिक एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न की जाएगी। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसके अतिरिक्त गर्भगृह, कोटीतीर्थ कुण्ड, मंदिर परिक्षेत्र तथा श्री महाकाल महालोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, पटाखों का फोड़ना, ज्वलनशील पदार्थ, अनार, फूलझड़ी या अन्य आतिशबाजी सामग्री लाना एवं प्रयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे दीपावली पर्व को परंपरागत, शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा-भाव से मनाएँ तथा जारी निदेर्शों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसके वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

### आज धनतेरस का पर्व, 16 मार्गों चार पहिया वाहन प्रतिबंधित

# बाजार की सुरक्षा-व्यवस्था देखने निकले पुलिस कप्तान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





दीपावली पर्व की शुरूआत आज धनतेरस के साथ हो रही है। बाजार पूरी तरह से कारोबार के लिये तैयार दिखाई दे रहा है। गुरूवार को पुलिस कप्तान सुरक्षा-व्यवस्था का देखने के लिये पैदल भ्रमण पर निकले। पटाखा दुकानों पर सुरक्षा के इंतजामों को देखा। वहीं छोटे दुकानदारों से चर्चा की।

सिंहस्थ 2028 विकास कार्यो के बीच दीपावली का त्यौहार आज से शुरू हो रहा है। बाजारों में पर्व की तैयारियों को लेकर लोग खरीददारी के लिये निकल पड़े है। बाजार में सुरक्षा-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा दोपहर में पुलिस बल, अश्वारोही दल, बम निरोधक दस्ते के साथ पैदल भ्रमण पर निकले। छत्री चौक, गोपाल मंदिर, नगर निगम परिसर पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान पटाखा दुकानों पर सुरक्षा के इंतजामों को परखा और दुकानदारों को लायसेंस प्रति की कॉपी दुकान पर चस्पा करने की बात कहीं। अग्निशमन यंत्रों को चैक किया गया। कप्तान के साथ निकली बीडीडीएस की टीम ने संदिग्ध वस्तुओं की यंत्रों से जांच की। कप्तान ने छोटे दुकानदारों से चर्चा कर धानी-पताशे की खरीददारी कर लोकल फॉर वोकल का संदेश दिया। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अश्वारोही दल को भीड़ वाले क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिये। धनतेरस से दीपावली तक बाजारों में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे और शाम 6 से 12 बजे तक महिला पुलिसकर्मियों को गश्त के लिये अलर्ट करते हुये पुलिसकर्मियों को भ्रमण के निर्देश जारी किये। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वह सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सर्तक और मुस्तैद रहे।

#### इन मार्गो पर प्रतिबंधित चार पहिया वाहन

धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में खरीदी करने वालों की भीड़ बनी रहेगी। जिसके चलते यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये प्लान तैयार किया गया है। धनतेरस से सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक नये और पुराने शहर के 16 मार्गो पर चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिन मार्गो पर वाहन प्रतिबंधित किये गये है उसमें कंठाल से छत्री चौक, क्षीरसागर से नई सड़क, देवासगेट से नई सड़क, दौलतगंज से नई सड़क, बियाबानी से नई सड़क, सत्यनारायण मंदिर से नई सड़क, कमरी मार्ग से गोपाल मंदिर, टंकी चौराहा से छत्री चौक, लोहे का पुल से महाकाल घाटी, हरसिद्धी पाल से गुदरी चौराहा शामिल रहेगें। फ्रीगंज क्षेत्र में ढक्कन वाला कुआ से शहीद पार्क, बॉम्बे स्टील चौराहा से शहीद पार्क, श्रीगंगा से शहीद पार्क, बजरंगदल कार्यालय से शहीद पार्क और टॉवर से शहीद पार्क की ओर चार पहिया वाहन नहीं जायेगें।

# उज्जैन के 2 लोगों की सांवेर सड़क हादसे में मौत

### दीपावली से पहले 2 परिवारों में छाया मातम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धनतेरस पर्व से पहले गुरूवार रात 10 बजे सांवेर में सड़क हादसे के दौरान उज्जैन के 2 लोगों की जान चली गई। खबर मिलते ही दोनों के परिवार में मातम छा गया। दोनों रिश्तेदार थे और इंदौर से वापस लौट रहे थे।

बताया जा रहा था कि सांवेर में बाइक सवार 2 लोगों गंभीर सड़क हादसे का शिकार हो गये। दोनों को समीप के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत होना सामने आया। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, उनकी पहचान करने पर सामने आया कि उज्जैन के महावीर नगर क्षेत्र के रहने वाले गुरूचरण पिता दीपनारायण 40 साल और संतोष पिता मनोहरलाल नामदेव 53 साल है। परिजन खबर मिलते ही सांवेर पहुंच गये थे। इधर रिश्तेदारों को जानकारी लगी तो धनतेरस से 1 दिन पहले दो परिवार से जुड़े 2 लोगों का निधन होने पर माहौल गमगीन हो गया था। जानकारी समाने आई है कि शुक्रवार सुबह दोनों का शव पोस्टमार्टम के बाद उज्जैन लाया जायेगा। वहीं मामले में पुलिस द्वारा दुर्घटना की वजह का पता लगा रही है।




# गिरफ्त से दूर गैंगरेप का दूसरा आरोपी

### मुख्य आरोपी को भेजी गया जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवती को उज्जैन बुलाकर चलती कार में गैंगरेप करने वाला दूसरा आरोपी 10 दिन बाद भी गिरफ्त में नहीं आ पाया। मुख्य 7 दिन की रिमांड पर था। जिसे गुरूवार को जेल भेज दिया गया।

जयसिंहपुरा में रहने वाले प्रापर्टी का कारोबार करने वाले चक्रेश जैन ने इंदौर की युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की थी। उसे 26 अक्टूबर को मिलने के लिये उज्जैन बुलाया था और मेघदूत होटल से अपनी कार में बैठा लिया था। रात 12 बजे युवती नानाखेड़ा थाने पहुंची थी और चक्रेश जैन के साथ उसके साथी पर चलती कार में गैंगरेप का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर 2 दिन की तलाश के बाद चक्रेश जैन को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे सात दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही थी। रिमांड अवधि के दौरान रैप में प्रयुक्त कार को गुजरात से बरामद कर लिया गया था। वहीं चक्रेश के दूसरे साथी का नाम राजेश पंथी सामने आने पर उसकी तलाश शुरू की गई थी। लेकिन घटनाक्रम के 10 दिन बाद भी राजेश पंथी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका। गुरूवार को चक्रेश का रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



नानाखेड़ा टीआई नरेन्द्र यादव ने बताया कि मामले की विवेचना के साथ फरार आरोपी राजेश की तलाश जारी है। उसे भी जल्द गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी। प्रकरण दर्ज कराने के बाद युवती के बयान कोर्ट में कराये गये थे और मेडिकल परीक्षण कराया गया था। राजेश पंथी के गिरफ्त में आने पर युवती को पहचान के लिये बुलाया जायेगा।

### मंदिरों की कृषि भूमि आय को गौशालाओं में उपयोग का सरकार का निर्णय

# सपाक्स प्रमुख ने सनातन धर्म में सीधा हस्तक्षेप करार दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सपाक्स पार्टी के स्थापना दिवस पर वार्षिक सम्मेलन गुरूवार को भोपाल में एक निजी रेस्टोरेंट में स्वर्ण समाज का मिलन समारोह पूर्व आईएएस डॉ वीणा घाणेकर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में उज्जैन के डॉ. हीरालाल त्रिवेदी पूर्व आईएएस ने अपने उद्बोधन में मप्र सरकार के मंदिरों की कृषि भूमि कि आय को गौशालाओं में एवं स्थानीय विकास में व्यय किया जाएगा के निर्णय को सनातन धर्म में सीधा हस्तक्षेप करार देते हुए कहा कि जिसे हिंदू समाज कभी भी स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र या राज्य की वर्तमान भाजपा सरकार हो अथवा कांग्रेस पार्टी के नेता हों सभी मिलकर सनातन धर्म पर सीधा आक्रमण कर रहे हैं, इसके विरुद्ध संघर्ष किया जाएगा और आने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव तथा 2028 के मप्र एवं राजस्थान के चुनाव में सीधा जवाब दिया जाएगा। सपाक्स पार्टी इस मामले में सभी सनातनी विचारधारा के लोगों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने यूजीसी रोलबैक नहीं किया तो आगामी चुनाव में मोदी रोलबैक होगा।

**अन्याय अब सहन नहीं किया जाएगा-** सपाक्स के उज्जैन के प्रवक्ता जेआर माहुरकर ने बताया कि सम्मेलन में सपाक्स पार्टी के पदाधिकारियों एवं सवर्ण समाज के संगठनों के पदाधिकारीयों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ वीणा घाणेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सपाक्स पार्टी का जन्म सपाक्स संगठनों के क्रांति सम्मेलन 30 सितंबर 2018 के निर्णय से हुआ। उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण के पश्चात एट्रोसिटी एक्ट में 2016 में संशोधन करके वर्तमान भाजपा सरकार ने सामान्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के साथ अन्याय किया था सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी वर्तमान भाजपा सरकार ने एट्रोसिटी एक्ट को और कठोर बनाया और अब यूजीसी विनियम के मार्फत सामान्य वर्ग को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह सरासर अन्याय है और अब इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं और महिलाओं की बात करती है परंतु पीछे से इसी वर्ग पर वार करती है। इस अत्याचार के विरुद्ध युवाओं और महिलाओं को आगे आकर संघर्ष करना चाहिए। राजस्थान सनातन समाज के संयोजक पंडित चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश संयोजक दीनबंधु जोशी ने भी संबोधित किया।

**ये भी शामिल हुए सम्मेलन में-** राष्ट्रीय महासचिव सुरेश शुक्ला एवं इंजी. देवेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष इंजी. पीएस परिहार, मुंबई की मंजू शर्मा, उप्र से आए एडवोकेट राय, बिहार के अध्यक्ष घनश्याम भारद्वाज, गुजरात के शैलेश शुक्ल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता लखन शास्त्री ने किया।

### आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक दवाइयां, उपकरण एवं अन्य संसाधन पर्याप्त मात्रा में तैयार रखने के निर्देश

# संभावित हादसों को देखते हुए अस्पताल में 10 बेड तैयार

### सीएमएचओं ने चरक भवन का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखों एवं आतिशबाजी से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं तथा आगजनी की घटनाओं को लेकर जिला अस्पताल में तैयारी कर ली गई है। अस्पतला में 10 बेड बर्न वार्ड घायलों को त्वरित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसमें आवश्यक दवाइयां, चिकित्सा उपकरण एवं अन्य संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने तथा सभी उपकरणों को क्रियाशील अवस्था में रखा जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकम रघुवंशी ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय स्थित चरक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए की गई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल में 10 बेड का बर्न वार्ड आरक्षित रखने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और अग्निशमन यंत्रों को हमेशा चालू स्थिति में रखने के लिए कहा है। आकस्मिकता को देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

#### चोटों के उपचार की रहेगी व्यवस्था

पांच दिवसीय दीपावली पर्व के दौरान पटाखों एवं आतिशबाजी से होने वाली बर्न इंजरी, आंखों की चोट, हाथ-पैर में चोट, कानों को नुकसान तथा पटाखों के धुएं से होने वाली श्वसन संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. विकम रघुवंशी ने अवैध रूप से निर्मित कार्बाइड गन के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए आमजन से सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की है।

#### वार्ड में पहुंचे दिए निर्देश

पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, बर्थ वेटिंग रूम, पीएनसी वार्ड एवं सुरक्षित मातृत्व इकाई का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सामान्य प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं को उचित परामर्श देने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर उसे पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने एवं पात्र बच्चों को भर्ती कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। वहीं एड्स विभाग में गुणवत्तापूर्ण जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

#### लिफ्ट एवं साफ-सफाई को लेकर हिदायत

सीएमएचओ ने जिला चिकित्सालय की सभी लिफ्टों को सुचारू रूप से संचालित रखने, निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। चरक भवन परिसर के बाहर चैंबर से गंदा पानी फैलने की समस्या पर तत्काल उचित निकासी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने ओपीडी का निरीक्षण कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, आवश्यक दवाइयां एवं जांच सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के लिए कहा। सोनोग्राफी विभाग एवं एएनसी क्लिनिक का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं को समय पर सोनोग्राफी एवं प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# रात का गिरता तापमान सुबह तक ठंड का असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अर्णव और मुरासु चक्रवात का असर अब थम चुका है और मौसम पूरी तरह से साफ हो चुका है, लेकिन रात के तामपान में गिरावट आ रही है। जिससे सुबह तक ठंड का असर बना हुआ है। अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज हो रहा है।

नम्बर माह का प्रथम सप्ताह बीतने को है। अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री बना हुआ है। लेकिन रात के तामपान में गिरावट आ रही है। बुधवार-गुरूवार रात 15 डिग्री दर्ज किया गया, इस बीच सुबह सूर्योदय के पहले तक ठंड का असर बना रहा। सुबह-शाम हवा 6 से 8 किलोमीटर की बनी हुई है। दिन में हवा की गति काफी कम दर्ज हो रही है। मौसम विभाग की माने तो दीपावली तक दिन का मौसम पूरी तरह से साफ बना रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है। जिसके चलते दीपावली का पर्व मनाने में मौसम की बाधा नहीं आयेगी। 15 नवम्बर बाद ठंड का असर तेज हो सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कमी आयेगी। माह के अंत में मौसम का मिजाज बदल सकता है और मावठे की बारिश के आसार बन सकते है। जिसके बाद दिसंबर माह तेज ठंड का साबित हो सकता है।

#### गर्म कपड़ों के बाजार में चहल-कदमी



रात का तापमान कम होने पर बढ़ती ठंड के चलते अब गर्म कपड़ों के बाजार में चहल-कदमी दिखाई देने लगी है। लोगों द्वारा ठंड से बचने के लिये खरीददारी शुरू कर दी गई है। फिलहाल बच्चों से जुड़े गर्म कपड़ों की खरीददारी का क्रम बना हुआ है। बाहर से आये व्यापारियों का कहना है कि गर्म कपड़ों की खरीदी का बाजार दीपावली बाद गुलजार हो जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com